




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 134 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 26 फरवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## छत्तीसगढ़ में 2700 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास बिलासपुर जोन के 27 रेलवे स्टेशनों का होगा रेनोवेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन के तहत बिलासपुर जोन के 27 स्टेशनों और 83 नए ब्रिज के लिए करीब 2700 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, सरोना, भाटापारा, डोंगरगढ़, भिलाईनगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराझरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिरहसौद एवं भिलाई स्टेशन शामिल है। इस मौके पर रायपुर व दुर्ग रेलवे स्टेशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में रायपुर सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, बिलासपुर जोन के जीएम, रायपुर डीआरएम संजीव कुमार मौजूद रहे। इसी प्रकार दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायत गजेन्द्र यादव, कलेक्टर ऋचा चौधरी मौजूद रहीं।

बता दें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, तिल्दा-नेवरा, अकलतरा, भिलाई पावर हाउस, वडसा, चांदाफोर्ट और गोंदिया स्टेशनों में प्रस्तावित विकास कार्यों को किया जाना है। इतना ही नहीं महासमुंद रेलवे स्टेशन का भी रिनोवेशन किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों में रिनोवेशन का काम शुरू भी हो गया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर व भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशनों में तेजी से काम भी किया जा रहा है। आने वाले एक ड़ेढ साल के भीतर इन स्टेशनों की भव्यता देखने लायक होगी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखी



### दुर्ग जिले में होंगे यह काम




दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर अंडरब्रिज पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी गई। इसी तरह उरला और बघेरा के अंडरब्रिज का संयुक्त कार्यक्रम उरला में रेलवे क्रॉसिंग पर सिद्धेश्वर मंदिर के पास किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण की वर्चुअली आधारशिला रखी गई। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत सिरसा गेट भिलाई- 3 में अंडरब्रिज का लोकार्पण और डी केबिन बीएमआई चरोदा के अंडरब्रिज की सुविधा भिलाई 3 चरोदा नगर निगम की जनता को मिलेगी। इसका अलग-अलग कार्यक्रम दोनों जगहों पर होगा। पाटन विधानसभा अंतर्गत कुम्हारी रेलवे क्रॉसिंग के पास अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी। इसके साथ ही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रसमड़ा स्टेशन के पास अंडरब्रिज और दल्लीराजहरा रूट पर रिसामा के पास अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी। दल्लीराजहरा रूट पर ही कचान्दुर से पहले ग्राम परसदा के पास अंडरब्रिज की सुविधा मिलेगी।

### देशभर के 553 स्टेशनों के लिए 41,000 करोड़ के प्रोजेक्ट का शुभारंभ

41,000 करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार रेलवे और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। यात्रा के अनुभव को बढ़ाने के लिए, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। सोमवार को इन स्टेशनों की आधारशिला रखी गई। पूरे भारत में ओवरब्रिज और अंडरपास का भी उद्घाटन किया जाएगा। ये कार्य लोगों के लिए 'ईज ऑफलिविंग' को आगे बढ़ाएंगे। स्टेशनों पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें छत, प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फेकेड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल विकसित किया जाएगा। स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

### आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया

इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। लेकिन अभी से जिस स्केल और स्पीड से काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है। आज यूपी के गोमती नगर के जिस रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा आज 1,500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास जैसी परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं।

### देश की प्रगति की रेल गति से आगे बढ़ रही

उन्होंने आगे कहा कि ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है। मैं देश के नागरिकों को, भाई-बहनों को और युवा साथियों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। क्योंकि इसके सबसे ज्यादा लाभार्थी युवा ही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत युवाओं के सपनों का भारत है, इसलिए विकसित भारत कैसा होगा, ये तय करने का सबसे अधिक हक उन्हीं को है। मैं देश के हर नौजवान को बताना चाहता हूं कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है।

## खास-खबर



### झारखंड में कांग्रेस को झटका, भाजपा में शामिल हुई मधु कोड़ा की सांसद पत्नी गीता कोड़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान किसी भी वक्त हो सकता है। इससे पहले देश में सियासी माहौल बनने लगा है। एक तरफ भाजपा और नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए है, वहीं दूसरी ओर आईएनडीआईए ब्लॉक है। कांग्रेस, अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर गठबंधन की कोशिश में जुटी है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की सिंहभूम सीट से सांसद पत्नी गीता कोड़ा कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गई हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, गीता कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए गठबंधन से नाखुश थीं।

### 'सत्ता में आए तो अग्निपथ योजना खत्म कर पुरानी व्यवस्था लाएंगे', खरगे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**नईदिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र



लिखकर आग्रह किया कि करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए जिनका 'चयन सेना की नियमित सेवा में होने की बावजूद उनकी भर्ती नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर 'अग्निपथ' योजना लाई गई जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि अगर उनकी सरकार बनी तो अग्निपथ योजना को वापस लिया जाएगा और पुरानी व्यवस्था बहाल होगी।

खरगे ने पत्र में लिखा, 'हाल ही में मैं इन नौजवानों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि 2019 और 2022 के बीच लगभग दो लाख अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उन्हें तीनों सशस्त्र सेवाओं- सेना, नौसेना और वायु सेना में चयनित कर लिया गया है। इन युवाओं ने कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण तथा लिखित परीक्षा पास करने के लिए कड़ा संघर्ष किया था।' खरगे ने लिखा , '31 मई 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और उन्हें केवल अपने नियुक्ति पत्र का इंतजार था। उस दिन भारत सरकार द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय से उनके सपने चकनाचूर हो गये।

## कारोबारियों से सवा करोड़ की ठगी करने वाले जालसाज हिमांशु गुप्ता की जमानत खारिज

■ **एसटीपी बनाने का ठेका देने के नाम पर की थी1.19 करोड़ की ठगी**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कारोबारियों से ठगी करने और जेल प्रहरी से मारपीट करने वाले दिल्ली के जालसाज हिमांशु गुप्ता की जमानत कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन ने की।

अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेंद्र जैन ने बताया कि कारोबारियों से भारत अमृत योजना के तहत एसटीपी बनाने का ठेका देने के नाम पर दिल्ली निवासी हिमांशु गुप्ता (43) ने 1.19 करोड़ की ठगी की थी। शिकायत पर पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था।जहां से उसे जेल भेज दिया गया था।

इस दौरान बीमार होने पर पिछले दिनों पंडरी स्थित जिला अस्पताल लाया गया था। जहां प्रहरी के साथ पीड़ित पक्ष से पिता-पुत्र ने मारपीट की थी। इसकी शिकायत पंडरी पुलिस थाना में कराई गई थी। आरोपित ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगाकर जमानत दिए जाने का अनुरोध किया था। साथ ही जमानत दिए जाने पर जांच में सहयोग करने का उल्लेख अपने आवेदन में किया था। लोक अभियोजक राजेंद्र जैन ने जमानत आवेदन का विरोध करते हुए अदालत को बताया कि गिरफ्तार किए गए हिमांशु गुप्ता के खिलाफ तेलीबांधा, गंज और विधानसभा थाना में अपराध दर्ज है।

## कारोबारी ने भाई की हत्या कर मां को किया वीडियो कॉल, बताया मैनें उसको मार दिया

■ **पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, हत्या के बाद शहर में घूम रहा था कातिल**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी के सफायर ग्रीन फेज-2 कॉलोनी में रविवार देर रात एक भाई ने अपने छोटे भाई का मर्डर कर दिया। सिर पर गोली मारकर उसकी जान ले ली। आरोपी करोड़पति बिजनेसमैन है। मर्डर के बाद आरोपी ने मां को वीडियो कॉल कर कहा कि उसे मार दिया। फिर वो कार में वो पिस्टल लिए घूमता रहा। हत्यारे को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।

पीयूष झा अपने छोटे भाई पराग के साथ ही रहता था। दोनों ड्रोन बनाने की कंपनी चलाते थे। बीती रात दोनों भाइयों में झगड़ा हुआ। खबर है कि पराग ने बड़े भाई पर हाथ उठा दिया। इससे तैश में आकर पीयूष ने कबर्ड से पिस्टल निकाली और तीन गोलियां अपने ही छोटे भाई पर चला दी। पराग जमीन पर गिर पड़ा और पूरे फर्श पर खून बिखर गया।

इसके बाद पीयूष ने मां को वीडियो कॉल कर लाश दिखाई और कॉल डिस्कनेक्ट कर भाग गया। मां इनसे अलग कैपिटल होम कॉलोनी में रहती है। उसने पुलिस को फोन किया। विधानसभा थाने की एक टीम देर रात मौक-ए-वारदात पर गई। दूसरी टीम ने शहर में नाकेबंदी कर पीयूष की तलाश शुरू की। पुलिस ने बताया कि शहर में तुरंत नाकेबंदी की गई आरोपी के कार का नंबर और मोबाइल नंबर के लोकेशन से उसे डीडीनगर इलाके में पकड़ा गया। पुलिस पीयूष से अब पूछताछ कर रही है। जानकारी मिली है कि आरोपी नशे का आदी है। घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल भी ज़ब्त कर ली गई। पिस्टल के लायसेंस का भी पता लगाया जा रहा है।

### करोड़ों की कंपनी मगर शराब की लत

भाई को गोली मारने वाले पीयूष ने रायपुर की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की। कुछ साल पहले नौकरी छोड़कर पीयूष झा ने ड्रोन बनाने की कंपनी शुरू कर दी। पीयूष झा एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग है। उसने छात्रावास अधीक्षक की नौकरी में सिलेक्शन हासिल किया मगर ड्रोन कंपनी के स्टार्टअप के लिए नौकरी छोड़ी। 45 हजार रुपये से ड्रोन बनाने की शुरुआत करने वाले पीयूष का कारोबार दो साल में ही 3.50 करोड़ तक पहुंच गया। उसने काम में अपने भाई पराग को शामिल किया। जानकारी के मुताबिक पर्सनल लाइफमें पीयूष डिप्रेस रहता था। उसकी एक बार सगाई भी टूट गई थी। वो शराब पीने लगा था। पीने की लत की वजह से ही दोनों भाइयों में विवाद होता था। बीती रात हुए कांड के पीछे भी वजह शराब पीने के बाद हुआ झगड़ा ही था।

## पांच विकेट से भारत ने जीता रांची टेस्ट, सीरीज में ली अजेय बढ़त

**रांची (एजेंसी)।** रांची टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से रौंदकर 5 मैच की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे टीम इंडिया ने शुभमन गिल और जुरेल की महत्वपूर्ण अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर हासिल गकिया। गिल 52 तो जुरेल 39 रन बनाकर नाबाद रहे। इनके अलावा कप्तान रोहित शर्मा ने 55 तो यशस्वी जायसवाल ने 37 रनों की शानदार पारी खेली।



भारत ने इसी के साथ घर पर लगातार अपनी 17वीं टेस्ट सीरीज जीती है। टीम इंडिया ने बैजबॉल के खिलाफ भी इतिहास रचा है। भारत दुनिया की पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने बैजबॉल का तोड़ ढूंढा है। बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुल की अगुवाई में इंग्लैंड पहली बार टेस्ट सीरीज हारा है।

इस मैच में इंग्लिश टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जो रूट के शतक के दम पर 353 रन बोर्ड पर लगाए थे, इसके जवाब में भारत भी पहली पारी में 307 रन बनाने में कामयाब रहा था। टीम इंडिया को इस स्कोर तक पहुंचाने में ध्रुव जुरेल (90) और यशस्वी जायसवाल (73) का अहम रोल रहा था।

46 रनों की बढ़त के बाद इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 145 रनों पर सिमट गया और भारत के सामने जीत के लिए यह टारगेट रखा। अगर टीम इंडिया यह स्कोर चेज कर लेती है तो वह मैच के साथ यह सीरीज भी अपने नाम कर लेगा। इस जीत के बाद भारत की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हो जाएगी। ऐसे में भारत बैजबॉल को पहली टेस्ट सीरीज हराने में कामयाब रहेगा। जी हां, 2022 से जब से बेन स्टोक्स और ब्रैंडन मैकुलम ने इंग्लिश टेस्ट टीम की कमान संभाली है तब से इंग्लैंड एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारा है। ऐसे में भारत के पास इतिहास रचने का मौका है।

## मातृभाषा में शिक्षा और अंग्रेजी का शौक

श्रीकंचनपथ




थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने 2 फरवरी 1835 में भारत की आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की नींव रखी। तब से अब तक कई परिवर्तनों के साथ यही शिक्षा पद्धति चल रही है। इस शिक्षा व्यवस्था पर बाबू पैदा करने के आरोप भी लगे। पर यह भी सही है कि इसी शिक्षा पद्धति ने अंग्रेजी और हिन्दी के साथ-साथ लगभग सभी भारतीय भाषाओं में ऐसे-ऐसे रचनाकार पैदा किये जिन्होंने साहित्यजगत में हलचल मचा दी। दरअसल, एक से अधिक भाषा के जानकारों के पास पढ़ने को ज्यादा सामग्री उपलब्ध होती है। एक ही भाषा जानने वाले के लिए किसी भी विषय के साहित्य का यह संसार सिमटा हुआ होता है। भारतीय शिक्षा जगत पिछले कई दशकों से प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में कराने की सलाह देता आ रहा है। जाहिर है कि वे मातृभाषा के समानान्तर किसी दूसरी भाषा को स्थापित करने में असफल रहे हैं। इस असफलता की एक बड़ी वजह भी है। भाषा शिक्षण के तमाम विशेषज्ञ इस बात को लेकर मानसिक द्वंद्व में हैं कि एक भाषा की प्रभावी शिक्षा किस तरह से दी जाए। यहां कुछ बातों का उल्लेख अप्रासंगिक न होगा। बच्चा अपनी मातृभाषा घर पर सीखता है। वह भी बिना ग्रामर के। उन क्षेत्रों में मातृभाषा पर उसकी पकड़ अच्छी होती है जहां न केवल उसके घर पर बल्कि मोहल्ले में भी उसकी मातृभाषा ही बोली जाती है। भिलाई जैसे कास्मोपॉलिटल शहर में दक्षिण भारतीय परिवारों को छोड़कर शेष भारतीय परिवारों के बच्चे अपनी मातृभाषा भी ठीक से नहीं बोल पाते। लिखना-पढ़ना तो बहुत दूर की बात है। दरअसल, भाषा सीखने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है, उसे सुनना। शिशु अपने आसपास जिन शब्दों-ध्वनियों को सुनता है, उन्हें ही दोहराता है। जिन बच्चों से लोग स्नेहवश तोतली भाषा में बात करते हैं वो कदरन ज्यादा उम्र तक तोतलाते हैं। जिन स्कूलों में अंग्रेजी भी हिन्दी में पढ़ाई जाती है, वहां के बच्चे कभी अंग्रेजी नहीं बोल पाते। जिन स्कूल-कालेजों में रटे-रटे प्रश्नोत्तरों और ग्रामर पर फोकस किया जाता है, वहां के बच्चे बेशक अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो जाते हैं पर भाषा वो भी नहीं सीख पाते। पिछली सरकार ने इस दुविधा पर आंशिक रूप से काबू पा लिया था। उसने आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की और इनमें अंग्रेजी माध्यम के भी स्कूल खोले। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए इंग्लिश मीडियम की अनिवार्य शर्त पर टीचर नियुक्त किये गये। अब नई सरकार प्रदेश के सभी 32 हजार प्रायमरी स्कूलों में पहली से अंग्रेजी भाषा पढ़ाने जा रही है। अभी भी बच्चे छठवीं से अंग्रेजी पढ़ते हैं। छठवीं से 12वीं तक स्कूल में, फिर ग्रेजुएशन के तीन साल तक भाषा की पढ़ाई पूरी नहीं हो पाती। अर्थात 10 साल तक अंग्रेजी पढ़ने के बाद भी न तो उसे ग्रामर आती है और न भाषा। सरकार यदि वाकई चाहती है कि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी अंग्रेजी बोलें तो उसे अध्यापन में अंग्रेजी का उपयोग बढ़ाना होगा।




प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र होगी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. सभी पार्टियां प्रत्याशियों को लेकर मंथन कर रहे है. कांग्रेस में भी अगले पखवाड़े भर के बीच प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हो जाएगी. कांग्रेस का कहना है कि अभी और कोई बैठक प्रत्याशियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस के स्तर पर नहीं होगी, क्योंकि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में दावेदारों के नाम जा चुके हैं. प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी आखिरी चरण में है. कांग्रेस, बीजेपी हो ,अन्य पार्टियां हों या निदलीय प्रत्याशी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनावी प्रचार प्रसार में लग गए है।

प्रत्याशियों के नाम की घोषणा का सभी को इंतजार है.माना जा रहा है कि कांग्रेस में अगले पखवाड़े भर में नाम आ जाएंगे. अब प्रत्याशियों के नाम को लेकर प्रदेश स्तर पर कोई बैठक नहीं होगी. 3 बार प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हो चुकी है. वहीं अब जल्द ही केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी. पखवाड़े भर के भीतर यह बैठक संभावित है और नाम की घोषणा हो जाएगी. स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में संभावित प्रत्याशियों के नाम जा चुके है. अब केवल केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में नाम पर चर्चा होगी और नाम की घोषणा कर दी जाएगी ।कांग्रेस में इस बार कोरबा लोकसभा के लिए जहां पूर्व सांसद ज्योत्सना महंत के चुनाव लडने की संभावना है। वही पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी हाथ आजमाना चाहते है, तो वहीं यह भी कहा जा रहा है कि महिला आरक्षण समेत तमाम मुद्दों को देखते हुए करीब 4 सीटों पर महिला प्रत्याशियों को भी उतारा जा सकता है नए चेहरों पर भी दांव की बात कही जा रही है।

### डीएमएफ मद कार्य में 1200 करोड़ की गड़बड़ी

**कोरबा।** जिले में जिला खनिज न्यास मद में कराए गए कार्य में करीब 1200 करोड़ की गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद सीएजी की टीम ने कलेक्टोरेट में डेरा डाल दिया है। सीएजी की टीम 2015 से लेकर अब तक जो भी कार्य डीएमएफ के मद से कराए गए हैं, सभी रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। कोरबा जिले में डीएमएफ फंड में गड़बड़ी की गूंज विधानसभा में तक में हो चुकी है। वहीं इसी मामले में भूविस्थापितों की याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई हो रही है।

प्रदेश में कोरबा जिले में सर्वाधिक कोयले का उत्पादन होता है, जिसकी वजह से इस जिले को डीएमएफ का सर्वाधिक फण्ड भी मिलता है। डीएमएफ मद से किये जाने वाले अनाप-शनाप खर्चों को लेकर कोयला खदान से विस्थापितों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दी है। याचिका में कहा गया है कि डीएमएफ के तहत पूरे प्रदेश में 10 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया गया गया है। कोरबा जिले में सर्वाधिक 1200 करोड़ रुपये की गड़बड़ी की गई है। राशि खर्च करते समय डीएमएफ रूल्स 2015 के नियम 25 (3), 12 (3), 12 (6) तथा 12 (2) का उल्लंघन किया गया है। याचिका में बताया गया है कि खनिज न्यास के कामकाज में टीडीएस कटौती नहीं की गई तथा ऑडिट भी नहीं कराया गया। खर्च की गई राशि का कोई हिसाब किताब भी नहीं रखा गया है। इस मामले की सीबीआई जांच जरूरी है। सुनवाई के दौरान सीबीआई व केंद्र सरकार से जवाब मिल गया।

# वीवाय साईरिसा कैंसर केयर सेंटर में मरीजों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीवाई साईरिसा कैंसर केयर सेंटर का किया उद्घाटन, कहा स्वास्थ्य मेरी रुचि और प्राथमिकता का क्षेत्र






- देश में मरीजों की संख्या में कमी होने पर ही देश तरक्की करेगा- महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस
- वीवाय हॉस्पिटल मिशन के रूप में संचालित, कैंसर के इलाज के लिए मिलेगी अच्छी सुविधा - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में वीवाय साईरिसा कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन किया। वीवाय अस्पताल और साईरिसा हेल्थ केयर संस्था द्वारा संयुक्त रूप से रायपुर के कमल विहार स्थित वीवाय अस्पताल में यह सेंटर स्थापित किया गया है। यहां कैंसर के इलाज के लिए रेडिएशन थेरेपी, कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी, इम्युनोथेरेपी, टारगेट थेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, पैलिएटिव केयर और न्युट्रिशनल थेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीवाय साईरिसा कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन करते हुए कहा कि रायपुर में इस नए संस्थान की स्थापना से प्रदेश में कैंसर के रोगियों के उपचार की सुविधा बढ़ेगी। इस सेंटर में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं से कैंसर के मरीजों को अच्छा इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार द्वारा कई सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों की जीवन शैली में बदलाव विभिन्न रोगों का कारण है। कई तरह के कैंसर के इलाज की सुविधा वाले इस अस्पताल में गरीब परिवारों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं के तहत लाभ दिया जाएगा। अस्पताल में जेनेरिक दवाएं उपलब्ध होने से मरीजों को सस्ते दर पर दवाई भी मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य और चिकित्सा उनकी रुचि और प्राथमिकता का क्षेत्र है। लोगों को कम खर्च में अच्छा उपचार उपलब्ध हो, इस दिशा में उन्होंने एक जनप्रतिनिधि के तौर पर लगातार कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अपने सार्वजनिक जीवन के दौरान एम्स सहित कई चिकित्सालयों में 12 करोड़ रुपए की चिकित्सा सेवाएं उन्होंने लोगों को उपलब्ध कराई है।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने कार्यक्रम में कहा कि देश में मरीजो की संख्या में कमी होने पर ही देश तरक्की करेगा। छत्तीसगढ़ में कैंसर मरीजों की संख्या में वृद्धि चिंता का विषय है। ऐसे समय में वीवाय हॉस्पिटल में कैंसर सेंटर के स्थापित होने से यहाँ के लोगो को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वीवाय हॉस्पिटल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के रुकने की नि:शुल्क व्यवस्था काबिले तारीफ है। यह अस्पताल एक मिशन के रूप में संचालित है। इससे न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि आसपास के राज्यों के मरीजों के भी उपचार में मदद मिलेगी।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने शुभारंभ कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आज आधुनिक कैंसर सेन्टर का शुभारंभ हुआ। इसके खुलने से राज्य के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही इलाज की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अत्याधुनिक कैंसर सेंटर की स्थापना के लिए वीवाय अस्पताल के निदेशक मंडल और विशेषज्ञों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर चिकित्सा के क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। अब कैंसर के इलाज की आधुनिक सुविधाएं भी यहां मिलेंगी।

वीवाय हॉस्पिटल के निदेशक मंडल के डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा कि वीवाय हॉस्पिटल में कैंसर केयर सेंटर स्थापित होने से कैंसर पीड़ितों को राहत मिलेगी। यह अस्पताल 2015 से संचालित है। आधुनिक सुविधाओं के साथ साथ नए-नए चिकित्सा उपकरणों के जुड़ने से विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों को लाभ मिल रहा है। कैंसर सेन्टर के शुरू होने से राज्य के मरीजों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सभी प्रकार के कैंसर का इलाज अब इस अस्पताल में होगा। मरीजों के साथ रुकने वाले परिजनों के लिए अस्पताल परिसर में नि:शुल्क व्यवस्था की गई है।

सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, वीवाय अस्पताल और वीवाय साईरिसा कैंसर सेंटर के निदेशक मंडल के सदस्य डॉ. शशिकांत पारख, डॉ. पी.यू. प्रकाश सक्सेना, डॉ. आनंद जोशी, डॉ. अनिल कर्णावत, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. विष्णु गुप्ता, डॉ. श्रीधर राव, डॉ. सुबीर श्रीवास्तव और श्रीमती सुजाता राजिमवाले भी वीवाय साईरिसा कैंसर केयर सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का किया शुभारंभ

## राजधानी रायपुर में 4.33 करोड़ रुपए की लागत से बनी है अत्याधुनिक प्रयोगशाला

माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला प्रारंभ होने से खाद्य पदार्थो को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की हो सकेगी जॉच

छत्तीसगढ़ शासन लोगों को गुणवत्ता पूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने है प्रतिबद्धः स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल




**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट से राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी में स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ही समय में देश के विभिन्न शहरों में अनेक लोकार्पण और शिलान्यास कर नई परंपरा की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे ही तेज गति से कार्य कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। बेहतर स्वास्थ्य की संकल्पना पूरी हो सके इसके लिए यह लैब खाद्य सुरक्षा के लिए एक कवच का काम करेगी।

कार्यक्रम में विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक सोनी, एमडी एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर, आयुक्त नगर निगम अबिनाश मिश्रा, उप सचिव भारत सरकार पुलकेश, एफएसएसएआई के अधिकारी शरद राव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

दिसंबर 2006 से कालीबाड़ी रायपुर स्थित नवीन भवन में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात दी गई। यह प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की अतिरिक्त वित्तीय सहायता 4 करोड़ 33 लाख रूपए से तैयार की गई है। यह प्रदेश की प्रथम खाद्य माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला है।

खाद्य पदार्थों एवं पेयजल को हानिकारक सूक्ष्म-जीवाणुओं द्वारा दूषित कर दिया जाता है, जिससे जन-सामान्य को कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है। खाद्य जनित बीमारियॉ जैसे उल्टी, डायरिया, टाईफाईड, बुखार, हैजा, त्वचा संबंधित बीमारियां आदि होती है। पूर्व में प्रयोगशाला में रासायनिक परीक्षण, हैवी मैटल, पेस्टीसाईड, विटामिन्स की परीक्षण होती थी, परन्तु माईक्रोबायोलॉजिकल मानकों की जॉच नहीं होती थी। अब आधुनिक मशीनों से सुसज्जित माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला प्रारंभ होने से खाद्य पदार्थो को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की जांच हो सकेगी।

# मैनपाट महोत्सव का समापन समारोहः मैनपाट में शिमला मनाली की तर्ज पर बनेगा मॉल रोडः पर्यटन मंत्री अग्रवाल

## मैनपाट पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 2 करोड़ की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** पर्यटन बृजमोहन अग्रवाल ने तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव के समापन अवसर पर मैनपाट के पर्यटन स्थलों में विभिन्न सुविधाएं विकसित करने के लिए 2 करोड़ रूपए की राशि की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैनपाट छत्तीसगढ़ का सबसे सुंदर पर्यटन स्थल है। पर्यटन स्थलों के विकास के साथ ही उन्होंने यहां शिमला और मनाली की तर्ज पर मॉल रोड बनाए जाने की बात कही।

पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल है। माता कौशल्या का मायका है और प्रभु रामलला हमारे भाँचा हैं। प्रभु श्री राम के छत्तीसगढ़ आगमन से जुड़े सभी स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि सरगुजा के रामगढ़ में भगवान श्री राम का आगमन हुआ और पहली नाट्यशाला भी रामगढ़ में है। पर्यटन स्थल बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। आने वाले समय में मैनपाट महोत्सव को देखने देश-विदेशों से लोग आए, हम उन ऊंचाइयों पर मैनपाट को पहुंचाएंगे।

पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु अंबिकापुर के एयरपोर्ट की शुरुआत होने पर अयोध्या और बनारस घूमने आने वाले टूरिस्ट मैनपाट तक पहुंचेंगे। जिससे मैनपाट में पर्यटन रोजगार का बड़ा साधन बनेगा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बनाए गए मोटल में पर्यटकों के ठहरने के इंतजाम भी किए जा रहे है।

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, गणमान्य नागरिक अनिल सिंह मेजर, अखिलेश सोनी सहित स्थानीय प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

### भक्ति गीत पर झूमे अतिथि

समापन समारोह के अवसर पर मंच पर प्रस्तुति दे रहे प्रसिद्ध कलाकार राजेश मिश्रा के गीत पंखिड़ा ओ पंखिड़ा भक्ति गीत पर संस्कृति मंत्री अग्रवाल सहित कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े और जनप्रतिनिधि झूम उठे। इस मौके पर अतिथियों ने शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# रामोत्सव के थीम पर हो रहा राजिम कुंभ का आयोजन








श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज कहे जाने वाले राजिम का गौरव पुनः लौट आया है। महानदी, पैरी और सोंढूर नदी के त्रिवेणी संगम में एक बार फिर राजिम कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। त्रिवेणी संगम पर गंगा आरती का आयोजन के साथ-साथ इस पवित्र संगम पर श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। संतों द्वारा आध्यात्मिक प्रवचनों का भी श्रवण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार ने राजिम का गौरव फिर से स्थापित करने के लिए पुनः कुंभ मेले के स्वरूप में आयोजन करने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा के अनुरूप ही सभी आवश्यक इंतजाम श्रद्धालुओं के लिए किए गए हैं।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की देख-रेख में राजिम कुंभ की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई है। इस बार राजिम कुंभ का आयोजन रामोत्सव की थीम पर आयोजित की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र लेजर शो है। इस आयोजन में श्रीरामलला के छत्तीसगढ़ के वनवास काल को प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम ने छत्तीसगढ़ में अपने वनवास काल का सर्वाधिक लंबे समय व्यतीत किया था।

राजिम कुंभ कल्प मेला के दूसरे दिन रविवार को लोगों की भारी भीड़ रही। मेला में पहुंचने वाले लोग सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन और श्री कुलेश्वर महोदव मंदिर के दर्शन कर रहे हैं। संध्याकालीन महानदी आरती के लिए हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर महानदी की आरती में शामिल हो रहे हैं।

### प्रभु श्री रामलला की आकर्षक रंगोली

मुख्य मंच के सामने प्रभु श्रीरामलला की आकर्षक रंगोली लोगों का आकर्षण का केन्द्र है। दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु प्रभु श्रीराम की मनमोहक रंगोली को भी देखने आ रहे हैं। इस जीवंत रंगोली का श्रद्धालुगण अपने मोबाइल से सेल्फी भी ले रहे हैं।

### अनुराधा पौडवाल ने बांधा शमां

अनुराधा पौडवाल के कर्णप्रिय भजन और 'गीतक दर्शन' के नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुम्बई से पहुंची अनुराधा पौडवाल और उसकी पुत्री कविता पौडवाल ने भक्तिपूर्ण गीत की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य मंच पर अंतिम प्रस्तुति मुम्बई के गीतासार की टीम द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कलाकारों ने भगवान विष्णु के अवतारों की जीवंत प्रस्तुत दी।

26 फरवरी के मुख्य आकर्षण - तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण बारूका के भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर की प्रस्तुति होगी। लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत संगीत से मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ी सभ्यता और संस्कृति की धूम रहेगी। इसके अलावा मुख्य मंच पर विजय चंद्रकार द्वारा तिहार लोकमंच और छत्तीसगढ़ की प्रसिध्द गायिका सुश्री तारा साहू के रंग-तरंग लोकमंच की प्रस्तुति होगी। मंच पर इंडियन रोलर बैंड के रोहन नायडू और थर्डजेंडर रतनपुर के स्वारागिनी डांस की प्रस्तुति होगी।

# जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को रजत और कांस्य पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** बिहार की राजधानी पटना में आयोजित 41वीं जूनियर नेशनल सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक वर्ग का ग्रैंड पाइनल में छत्तीसगढ़ की टीम उप विजेता रही। छत्तीसगढ़ का मुकाबला राजस्थान के साथ हुआ राज्य की टीम को रजत पदक प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम को कास्य पदक से संतोष करना पड़ा।

छत्तीसगढ़ की टीम ने बालक वर्ग में अपने सुपर-8 के तीनों मुकाबले में सबसे पहले चंडीगढ़ को 11-0 से हराया उसके बाद पंजाब को 10-2 से हराया तथा आखिरी मैच में केरल को 4-0 से हराकर अपने पूल में टॉप किया। पुल टॉपर के मैच में छत्तीसगढ़ ने आंध्र प्रदेश को 5-3 से हराया और ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किया।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने पर्स्ट सुपर-8 के मुकाबले में मध्य प्रदेश को 1-0 से हराया और दूसरे मैच में केरल को 2-1 से हराया तथा आखिरी मुकाबले में आंध्र प्रदेश के साथ 3-2 रहा। जिसके बाद फर्स्ट फाइनल मैच तेलंगाना से हुए मुकाबले में स्कोर 3-4 रहा। छत्तीसगढ़ को अब ग्रैंड फाइनल में पहुंचने के लिए एक मैच और बचा। इस मैच में राज्य की टीम का मुकाबला केरल के साथ हुआ और उसे कास्य पदक से संतोष करना पड़ा।

बीजापुर जिले से बालक वर्ग में राकेश करती और सुशील कुडियम, वहीं बालिका वर्ग में रेणुका तेलम, चंद्रकला तेलम और विमल तेलम छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह जानकारी अकादमी के हेड कोच सोपान कर्णेवार ने दी है।

# राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 मार्च तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

'लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़' क्रिएटर्स मीटअप कार्यक्रम में क्रिएटर्स ने दिखाया जोश

# सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग और सामाजिक पहलुओं पर एक्सपर्ट्स ने रखे अपने विचार

## सुशासन की स्थापना में सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग पर चर्चा हेतु एक दिवसीय मीटअप का हुआ आयोजन

### राज्य शासन के प्रशासनिक अधिकारियों ने क्रिएटर्स को किया संबोधित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन के ऑडिटोरियम में ''लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़'' क्रिएटर्स मीट अप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के जाने-माने सैकड़ों क्रिएटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव और आईएएस डॉ. अय्याज फकीरभाई तंबोली ने किया। कार्यक्रम में 270 से अधिक क्रिएटरों ने भाग लिया। जनसंपर्क विभाग के द्वारा अलग-अलग कैटेगरी में बेहतर कंटेंट के लिए 14 लोगों को सम्मानित भी किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने कहा, कि इस मीटअप का उदेश्य सरकार और नागरिकों के बीच एक सेतु बनाना है, खासतौर से क्रियेटिव लोगों के बीच। हम लोगों ने क्रिएटर मीट अप आयोजन इसलिए किया है, क्योंकि आप लोगों की क्रिएटिविटी एक ऐसा माध्यम है, जिससे आप आम आदमी तक और ऐसे इलाकों में जहां पर प्रशासन नहीं पहुंच पाते है। मीटअप में सुशासन की स्थापना में सोशल मीडिया का महत्व, नई सरकार से युवाओं की उम्मीदें, सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर राय शुमारी की गई।

### एक्सपर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा हेतु साझा किया अपना दृष्टिकोण

कार्यक्रम में आईएएस डॉ अय्याज फकीरभाई तंबोली ने शासन में सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। इसी तरह आईपीएस अंकिता शर्मा ने सोशल मीडिया पर साइबर कानूनों के प्रभाव पर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी फर्जी वेबसाइट और ऐसे लोगों के बातों में न आए। अगर आपके साथ कोई फ्रॉड हो या कोई आपको किसी कारण से ब्लैकमेल करे तो घबराएं नहीं बल्कि पुलिस से संपर्क करें। अगर आपके साथ किसी ने धोखे से पैसा ले लिया हो या कोई फ्रॉड हो गया हो तो जल्दी से जल्दी भारत सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर पर अपनी समस्या बता सकते हैं। अपने मोबाइल को लॉक रखें और एप को भी लॉक रखें, जिससे आपकी निजी जानकारी, फोटो या कोई डाटा चोरी न कर पाए।

कार्यक्रम में आईपीएस संतोष सिंह ने प्रभावी पुलिसिंग में सोशल मीडिया के प्रभाव पर अपनी राय रखी इसी तरह एएसपी पिताम्बर पटेल ने नए साइबर सुरक्षा के नियमों पर क्रिएटर्स को संबोधित किया। कार्यक्रम में पैनल डिस्क्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आदर्श मिश्रा, हीना शेख, कृती शर्मा, मिनेंद्र चंद्राकर, रवींद्र सिंग उपस्थित थे।

### 'क्रिएटर्स ऑफ द ईयर' का मिला सम्मान

कार्यक्रम में हिमांशु यादव को Solo Influencer (Male), सुश्री काजल श्रीवास को Solo Influencer (Female), अमलेश नागेश को Entertainment, आरु साहू को Entertainment (Music) अभिनव भूमरकर को Fashion & Lifestyle, वेदांशी नीतीश बंजारी को Recipe Curator(Food Blogger), भोज राज को Food Blogger, मानस पटनायक को Education, राहुल देवांगन को Tourism, गीतेश देशमुख को Infotainment, प्रमोद साहू को Art & DIYs, रवि साहू को Culture, पुष्कर साहू एवं तुषार सोलंकी को Rising Music Star, रेणुका सिंह को Emerging Story Tellers की कैटेगरी में क्रिएटर ऑफ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# समाज को भय मुक्त बनाने के लिए अपराधियों में पुलिस का खौफ जरूरीः मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

■ एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुलिस की नौकरी बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण होती है। पुलिस कर्मियों को अक्सर लंबे समय तक काम करना पड़ता है और उन्हें विपरीत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए और उन्हें लोगों के साथ अच्छे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह बात आज राजधानी रायपुर स्थित पुलिस लाइन में आयोजित एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में कही।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि समाज को भय मुक्त बनाने के लिए अपराधियों में पुलिस का खौफ होना जरूरी है। वो तभी संभव होगा जब त्वरित निर्णय लेने की क्षमता के साथ ही लक्ष्य और निशाना दोनो अचूक होगा। इसके लिए समय-समय शूटिंग



प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है। जिससे आपको अपनी क्षमता और कमजोरियों का पता चलता है, जिसके अनुसार आप बदलाव ला सकते है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस की वारफेयर को और अधिक निपुण बनाने के और अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की बात कही।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस कर्मी सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिस कर्मियों को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभानी होती हैं, जैसे कानून व्यवस्था बनाए रखना जिसमे अपराधों को रोकना, अपराधियों को पकड़ना और आमजनों की सुरक्षा करना शामिल है। इसके साथ ही आपातकालीन सेवाएं प्रदान करना, सार्वजनिक सुरक्षा, सामाजिक न्याय, जांच आदि।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को मेडल प्रदान किया। कार्यक्रम में एसपी संतोष कुमार, उप मुख्य चुनाव आयुक्त नीलेश कुमार क्षीरसागर समेत पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# मॉइस्चराइजर और फेस सीरम में क्या है अंतर जानें कौन सा है आपके चेहरे के लिए बेस्ट चॉइस

आजकल बाजार में इतने सारे स्किनकेयर प्रोडक्ट्स हैं कि समझ नहीं आता कौन सा चुनें। हर प्रोडक्ट कहता है कि वो सबसे अच्छा है, लेकिन सच में कौन हमारी त्वचा के लिए सही है? इतने विकल्पों में से सही चुनाव करना आसान नही है। हमें अपनी त्वचा की जरूरतों को पहले समझना होगा और फिर उसके हिसाब से ही प्रोडक्ट चुनना होगा। इसके लिए थोड़ी रिसर्च और समझदारी की जरूरत होती है ताकि हम अपनी त्वचा का अच्छे से ख्याल रख सकें।

जब बात चेहरे की देखभाल की होती है तो दो चीजें बहुत जरूरी होती हैं। मॉइस्चराइजर और फेस सीरम। लेकिन कई बार हमें इन दोनों के बीच का अंतर समझ नहीं आता, और न ही यह पता होता है कि हमारे लिए क्या बेहतर है। आइए आज समझते हैं कि आपके चेहरे के लिए क्या बेहतर है और कब किसका इस्तेमाल करें।

### मॉइस्चराइजर कब यूज करें

मॉइस्चराइजर एक तरह की क्रीम होती है जो आपके चेहरे को नमी देती है और उसे मुलायम बनाए रखती है। यह आपकी त्वचा को ड्राई होने से बचाती है। मॉइस्चराइजर में अक्सर ऐसे तत्व होते हैं जो आपके चेहरे की त्वचा को पानी और अन्य नमी देने वाले घटकों से भर देते हैं।

### फेस सीरम क्या है

वहीं, फेस सीरम थोड़ा अलग होता है। यह हल्का होता है और इसमें त्वचा की गहराई में जाकर काम करने वाले ज्यादा सक्रिय तत्व होते हैं। सीरम खास त्वचा की समस्याओं जैसे कि झुर्रियां, डार्क स्पॉट्स या फिर त्वचा की रूखापन जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

### दोनों में से कौन बेहतर है आपके लिए

अगर आप अपने चेहरे को सिर्फ नरम और तरोताजा रखना चाहते हैं, तो मॉइस्चराइजर आपके लिए बिल्कुल सही है। मॉइस्चराइजर वो क्रीम होती है जो आपकी त्वचा को गहराई से नमी देती है और उसे मुलायम बनाए रखती है। यह आपकी त्वचा को सूखने से बचाती है और उसे हेल्दी रखती है। वहीं, अगर आपके चेहरे पर कुछ खास त्वचा संबंधी समस्याएं हैं जैसे कि झुर्रियां, दाग-धब्बे या फिर रूखापन, और आप इन्हें सुधारना चाहते हैं, तो फेस सीरम आपके लिए ज्यादा फायदेमंद होगा। फेस सीरम एक लाइट लिक्विड होता है जिसमें बहुत सारे एक्टिव इंग्रेडिएंट्स होते हैं जो त्वचा की गहराई में जाकर काम करते हैं और उसे बेहतर बनाते हैं।

### दोनों का इस्तेमाल कैसे करें

बहुत से लोग अपनी त्वचा की देखभाल के लिए मॉइस्चराइजर और फेस सीरम दोनों का उपयोग करते हैं। इससे उनकी त्वचा को दोहरा फायदा मिलता है। पहले फेस सीरम लगाने से त्वचा की गहराई में मौजूद समस्याओं को ठीक किया जा सकता है, और फिर मॉइस्चराइजर लगाने से त्वचा को ऊपर से नमी मिलती है। इस तरह, आपकी त्वचा स्वस्थ और खूबसूरत दोनों रहती है। तो, अगर आप अपनी त्वचा की अच्छी देखभाल करना चाहते हैं, तो इस तरीके को जरूर अपनाएं।



# आज से ही छोड़कर देखिए आलू, महीनेभर में समझ आ जाएगा फर्क, होंगे जबरदस्त फायदे

आलू सब्जियों का राजा कहा जाता है। हमारे किचन में आलू की खास जगह है। आलू से कई चीजें बनाई जाती है। बहुत से लोग आलू को पसंद करते हैं। इसके कई फायदे भी हैं। हालांकि, आलू खाने से कई नुकसान भी हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर हम सिर्फ एक महीने के लिए आलू खाना छोड़ दें तो शरीर में कई जबरदस्त बदलाव आ जाएंगे। इससे सेहत अच्छी हो जाएगी। ऐसे में आइए जानते हैं आलू न खाने से क्या-क्या फायदे होंगे।



## आलू न खाने से क्या-क्या फायदे होंगे

### वजन कंट्रोल होगा

आलू में जबरदस्त एनर्जी पाई जाती है। इससे शरीर को अच्छी मात्रा में कैलोरी मिलती है। आलू बनाने में आमतौर पर ज्यादा तेल का उपयोग किया जाता है। ऐसे में अगर आलू खाना सिर्फ एक महीने के लिए ही छोड़ दिया जाए तो वजन कंट्रोल हो सकता है।

### ब्लड शुगर होगा कंट्रोल

आलू का स्टार्च ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकता है। इसलिए जब हम इसे खाना छोड़ देते हैं तो ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। डायबिटीज मरीजों को आलू के सेवन से बचना चाहिए। इससे उन्हें कई फायदे हो सकते हैं।

### हाई बीपी और हार्ट डिजीज का खतरा

आलू से बने प्रॉसेस्ड फूड, चिप्स और फ्रेंच फ्राइज में अक्सर नकम यानी सोडियम ज्यादा डाला जाता है। जिसके सेवन से हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीद का जोखिम रहता है। इसलिए आलू न खाने से इन गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं।

### आलू की बजाय दूसरे पोषक तत्व अपनाएं

आलू में विटामिन सी और विटामिन बी6 के साथ पोटैशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर आप आलू खाना छोड़ना चाहते हैं तो इसकी जगह शकरकंद को अपने आहार का हिस्सा बना सकते हैं। आप चाहें तो फूलगोभी, शलजम या केले का सेवन भी कर सकते हैं।

# ममूटी की फिल्म ब्रमायुगम ने वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार



ममूटी जो अनूठे विषयों के साथ विभिन्न शैलियों की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने एक बार फिर अपनी नवीनतम हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम के साथ प्रस्तुति दी है। यह फिल्म 15 फरवरी को रिलीज हुई थी, जिसने दर्शकों को अपने रोमांचकारी कथानक से मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म ने 10वें दिन वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश किया। आलोचकों और दर्शकों से आलोचनात्मक प्रशंसा प्राप्त करते हुए, राहुल सदासिवन का निर्देशन डरावनी शैली में एक सफल और रोमांचक योगदान साबित हुआ है।

ब्रमायुगम को मलयालम फिल्म उद्योग के सबसे अनोखे सिनेमाई अनुभवों में से एक माना गया है। भूतकालम फेम निर्देशक राहुल सदासिवन द्वारा निर्देशित यह परियोजना अब 2024 में मलयालम सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। हाल ही में, ब्रमायुगम के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पुष्टि की कि ममूटी स्टारर ने फिल्म में प्रवेश कर लिया है। रु. मलयालम सिनेमा का 50 करोड़ क्लब.

श्वेत-श्याम फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जिसमें मुख्य भूमिका में ममूटी हैं, जिन्हें अर्जुन अशोकन, सिद्धार्थ भारतन और अमाल्डा लिज का समर्थन प्राप्त है। यह 15 फरवरी, 2024 को मलयालम में और 23 फरवरी को तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

फिल्म का निर्माण नाइट शिफ्ट स्टूडियो और वाई नॉट स्टूडियो बैनर के तहत चक्रवर्ती रामचंद्र और एस. शशिकांत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। नाइट शिफ्ट स्टूडियोज़ रोमांचकारी हॉरर थ्रिलर बनाने में माहिर है, जो ब्रमायुगम के आसपास की साजिश को बढ़ाता है।

# सनी लियोन की स्प्लिट्सविला फाइव के होस्ट के रूप में वापसी

अभिनेत्री सनी लियोन उन मशहूर हस्तियों में से एक हैं जो टेलीविजन के साथ-साथ फिल्म उद्योग में भी अपने लिए जगह बनाने में सफल रही हैं। जबकि दर्शक उन्हें ऑन-स्क्रीन पसंद करते हैं। वह सबसे प्रसिद्ध भारतीय डेटिंग शो, स्प्लिट्सविला में एक होस्ट के रूप में लोकप्रिय हो गई हैं। अब, अभिनेत्री शो के नए सीजन की होस्ट के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अस्थायी रूप से स्प्लिट्सविला एक्स-5 नाम दिया गया है।

सनी, जिन्होंने सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो बिग बॉस के कई सीजन में भाग लिया है और अतिथि के रूप में दिखाई दी हैं, निश्चित रूप से स्प्लिट्सविला एक्स-5 में कुछ आकर्षण, लालित्य और ओम्फ फैक्टर लाएँगी। इसके पहले अर्जुन बिजलानी, निखिल चिनप्पा और रणविजय सिंह के रूप में इस शो को ऐसे अभिनेताओं द्वारा सह-होस्ट किया गया था।

अन्य रियलिटी शो होस्टों के विपरीत, सनी को प्रतियोगियों के साथ शांत, संयमित और मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते देखा गया है। दर्शकों ने अक्सर उन्हें अपने सह-मेजबानों के साथ एक अद्भुत बंधन साझा करते हुए भी देखा है। निखिल चिनप्पा ने सनी के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि अभिनेत्री कैसे सुपर प्रोफेशनल हैं और नकली नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कैसे सनी सेट पर दो मिनट लेट होने पर भी लोगों से माफी मांगती हैं।

जहां पिछले सीज़न में अर्जुन बिजलानी ने शो की मेजबानी की थी, वहीं तनुज विरवानी को आगामी सीज़न में सनी लियोन के साथ रियलिटी शो की सह-मेजबानी के लिए संपर्क किया गया है। यह देखना रोमांचक होगा कि तनुज और सनी की जोड़ी शो, प्रतियोगियों और दर्शकों के लिए कैसा काम करेगा।





# बोल्ड ड्रेस पहने शमा सिकंदर ने दिखाई शोख अदाएं, हॉट फोटोशूट देख फैंस के छूटे पसीने

**एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और हॉट लुक्स के लिए फेमस हैं। उनका हर एक फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर बवाल मचा देता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं।**

एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने हालिया फोटोशूट की बेहद ही स्टनिंग और बोल्ड फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका लुक देखकर लोग उन पर से अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हालांकि फैंस भी उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

शमा सिकंदर ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने व्हाइट कलर का नेट लुक में ब्रालेट टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

शमा सिकंदर अपनी इन फोटोज में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है।

बता दें कि एक्ट्रेस शमा सिकंदर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### रायपुर विशाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन 6 दिन के लिए रहेगी रद्द

**रायपुर।** वाल्टेयर मंडल के अंतर्गत पार्वती पुरम एवं गुमड़ा में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी का काम 3 से 5 मार्च के बीच होगा। इस कारण रायपुर से होकर जाने वाली दो गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है। रायपुर-विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर 29 फरवरी से 5 मार्च तक रद्द रहेगी। जबकि आधा दर्जन गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। इससे इस रूट के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

विशाखापट्टनम-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 3 मार्च को अपने निर्धारित समय से 5 घंटे 30 मिनट की देरी से रवाना होगी। विशाखापट्टनम-निज्जामुद्दीन एक्सप्रेस 29 फरवरी और 2, 3 व 5 मार्च को परिवर्तित मार्ग दुव्वाडा-विजवाड़ा-बल्हारशाह होकर जाएगी। निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 29 फरवरी और 1, 2 व 4 मार्च को परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-विजवाड़ा- दुव्वाडा-रोड होकर जाएगी।

पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 29 फरवरी और 1, 2 व 5 मार्च को परिवर्तित मार्ग खुर्दा रोड़-करेजंगा-टिटलागढ़ के रास्ते से रवाना होगी। अहमदाबाद-पूरी एक्सप्रेस 29 फरवरी और 2, 3 व 4 मार्च को परिवर्तित मार्ग टिटलागढ़-करेजंगा-खुर्दा रोड़ से चलेगी। गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस 28 फरवरी को परिवर्तित मार्ग खुर्दा रोड़-करेजंगा-टिटलागढ़ से जाएगी। पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस 3 मार्च को परिवर्तित मार्ग टिटलागढ़-करेजंगा-खुर्दा रोड़ से होकर चलेगी।

### जंगल सफारी में बारहवीं तक के स्कूली बच्चों को निशुल्क एंट्री

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में अब कक्षा पहली से बारहवीं तक के स्कूली बच्चों को निशुल्क एंट्री मिलेगी। वन मंत्री केदार कश्यप ने विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब के दौरान यह घोषणा की। इसके साथ ही मंत्री सिंचाई क्षमता में वृद्धि करने भाजपा शासन में संचालित 35 परियोजनाओं को फिर से शुरू करने की बात कहीं। वनों में वन्य प्राणियों के संरक्षण में उत्कृष्ट सेवा करने वाले कर्मचारियों को अवार्ड दिए जाएंगे। बस्तर संभाग में मुख्य अभियंता कार्यालय खोले जाएंगे। प्रदेश के जंगलों में विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधों संरक्षित, संवर्धन और नई प्रजाति विकसित करने के लिए वन विज्ञान केंद्र खोले जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश में ईको टूरिज्म बोर्ड की स्थापना की जाएगी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सिरपुर महोत्सव के समापन समारोह में होंगे शामिल

- महोत्सव में पहली बार गंगा आरती का हो रहा आयोजन
- सांस्कृतिक संध्या में बालीवुड कलाकार अभिजीत सावंत देंगे प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में शाम 6 बजे तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदाल बघेल, लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

समापन समारोह में विधायक सर्वश्री योगेश्वर राजू सिन्हा, सम्पत अग्रवाल, द्वारिकाधीश यादव, श्रीमती चातुरी नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष महासमुंद श्रीमती उषा पटेल, पूर्व विधायक श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद लक्ष्मण पटेल, जिला पंचायत सदस्य अमर अरूण चंद्राकर और यतेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद श्रीमती त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, जनपद पंचायत सदस्य महासमुंद अजय मंगल ध्रुव और संरपच ग्राम पंचायत सिरपुर ललित ध्रुव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

सिरपुर महोत्सव के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बसना की कर्मा पार्टी द्वारा कर्मा नृत्य, सुरेन्द्र मानिकपुरी एवं साथियों द्वारा भजन एवं लोकगीत, सोला सिंगार लोक कला मंच खल्लारी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव में अश्र भिलाई द्वारा लाईट एवं साउण्ड के प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 8 बजे से वालीवुड कलाकार अभिजीत सावंत प्रस्तुति देंगे।



सिरपुर महोत्सव की शुरुवात 2006 से हुई है। सिरपुर महोत्सव का इस वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है। सिरपुर महोत्सव में पहली बार श्री गंधेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट समिति एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में गंगा आरती से महोत्सव की शुरुवात हुई है। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहली बार पुण्य स्नान के लिए कुण्ड भी बनाया गया है। माघ पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के तीनों दिन ख्याति प्राप्त एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दे रहे है। सांस्कृतिक संध्या प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शुरू होकर रात्रि 10 बजे तक आयोजित की जा रही है।

यहां मुख्य मंच को लक्ष्मण मंदिर के प्रतिकृति के रूप में सजाया गया है। आकर्षक लाइट और सज्जा के साथ मंच की भव्यता देखते ही बनती है। इसके अलावा स्वागत गेट, मंदिरों में लाइटिंग, साफ-सफाई और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आगुंतकों के लिए पुलिस सहायता केंद्र व स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया है।

महोत्सव में शासकीय विभागों द्वारा विभागीय स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। यहां पर्यटन मंडल, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, स्कूल शिक्षा विभाग, क्रेडा, समाज कल्याण, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, जनसंपर्क विभाग का स्टाल लगाया गया है।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम पर छत्तीसगढ़ सरकार शुरू करेगी पुरस्कारः बृजमोहन अग्रवाल

### राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज को विनयांजलि देने उमड़ा सर्व समाज




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्र संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज को आज राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक में विनयांजलि दी गई। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री ने आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम पर जल्द ही पुरस्कार की स्थापना, विद्यापीठ और आदर्श गौशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम का आयोजन सकल जैन समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत और पुरेंद्र मिश्रा सहित सर्वसमाज प्रमुखों द्वारा आचार्य को विनयांजलि दी गई।

संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज द्वारा सदैव ही आत्म कल्याण एवं जनकल्याण का संदेश दिया गया। वह ऐसे संत थे जिन्होंने अपने धर्मचर्या हेतु छत्तीसगढ़ को काफी पसंद किया। उन्होंने यहां तीर्थ क्षेत्र का निर्माण कराया एवं अपनी अंतिम समाधि के लिए भी छत्तीसगढ़ की धर्म नगरी डोंगरगढ़ को स्थान दिया। गौरतलब है कि राष्ट्र संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का संल्लेखना समाधि विगत दिनों छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ स्थल की पावन भूमि पर हुई थी। कार्यक्रम में दलेर सिंह, प्रेम चंद, फादर सेबेस्टियन, मोबिन खान, ब्रह्मकुमारी सुषमा दीदी, गुरु युधिस्ठिर लाल जी ने आचार्य को विनयांजलि दी। इस मौके पर आचार्य श्री के जीवन पर आधारित चलचित्र का भी प्रदर्शन किया गया।

# जन्म से बोलने में असमर्थ दो साल के मासूम रेहान का होगा निःशुल्क इलाज

## मुख्यमंत्री कैम्प बगिया के निर्देश पर इलाज की पहल, मेडिकल कॉलेज रायपुर से इलाज करा, वापस घर लौटी सुकान्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री कैंप बगिया के निर्देश पर जशपुर जिला प्रशासन ने 2 साल के मासूम रेहान तिर्की के नि:शुल्क इलाज की लिए पहल की है। मुख्यमंत्री के गृह जिला जशपुर के कांसाबेल ब्लाक के ग्राम पंचायत कोगाबहरी के आश्रित ग्राम नरियरडांड़ निवासी रिहान के पिता ईश्वर तिर्की ने अपने बेटे के इलाज में सहायता के लिए मुख्यमंत्री कैम्प में आयोजित जनदर्शन में सहायता मांगी थी। ईश्वर तिर्की ने बताया कि उसके बेटे के मुंह में जन्म से ही समस्या है। इस कारण वह बोल पाने में असमर्थ है। स्थानीय स्तर पर उन्होनें बहुत इलाज कराया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। डाक्टरों ने उसे इलाज के लिए बड़े अस्पताल में दिखाने की सलाह दी थी। उन्होंने रायपुर के एक निजी अस्पताल मे उसका इलाज कराया फिर भी रेहान बोल नहीं पाया।

मुख्यमंत्री कैम्प बगिया से निर्देश मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम ने रेहान की जांच की है। टीम ने 2 साल के रेहान को क्लिफ्ट लिप पैलेट नामक बीमारी से पीड़ित के रूप में चिन्हाकिंत किया है। चिरायु टीम के प्रभारी डॉ अरविन्द रात्रे ने बताया कि रेहान का रायपुर में इलाज कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि रेहान का इलाज



रायपुर के निजी चिकित्सालय मे नि:शुल्क कराया जाएगा। रेहान जल्द ही अपने परिजनों और चिरायु टीम के साथ रायपुर भेजा जाएगा। जहां उसका इलाज किया जाएगा।

भोजन पकाने के दौरान,दुर्घटनावश आग से झुलस कर,दिव्यांगता का शिकार हुई श्रीमती सुकांति चौहान पति नंदकुमार चौहान,रायपुर के डीकेएस अस्पताल में उपचार के बाद वापस अपने घर आ गई है। आग में सुकांति का दोनों पैर बुरी तरह से झुलस गया था। स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद वह स्वस्थ तो हो गई थी,लेकिन चल फिर नहीं पा रही थी। 3 फरवरी को सुकांति और उसके पति नंदकुमार चौहान ने इलाज में सहायता के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से अनुरोध किया था।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुकांति को एंबुलेंस से रायपुर ले जा कर डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।यहां चिकित्सकों ने सुकांति के पैरों का सफल आपरेशन किया है। आपरेशन के बाद 15 दिनों तक सुकांति डाक्टरों की निगरानी में रही। अब वह वापस अपने घर पहुंच कर आराम कर रही है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही वह सामान्य लोगों की तरह चल फिर सकेगी। मेडिकल कालेज में उपचार की व्यवस्था के लिए सुकांति और उसके पति नंदकुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बगिया मे सीएम कैम्प कार्यालय के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने फोन पर डीकेएस अस्पताल मे उपचार के दौरान सुकान्ति से बात की थी और उसका हालचाल पूछ कर, जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनायें दी थी।

## सात साल की नन्ही क्रिएटर ने जीता सबका दिल, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने बच्ची को किया प्रोत्साहित




जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित कोलैब करहु का सोशल मीडिया क्रिएटर मीटअप में नन्हीं क्रिएटर का नृत्य देखकर मीटअप में मौजूद सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से किया बच्ची को प्रोत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित 'कॉलेब करहू का' क्रिएटर मीटअप में, सोशल मीडिया और यूट्यूब के विभिन्न पेज और चैनलों के क्रिएटर्स ने भाग लिया। इसी बीच एक नन्ही क्रिएटर विनीता भी इस मीटअप का हिस्सा बनी।

क्रिएटर मीटअप में हर उम्र के कलाकारों ने हिस्सा लिया जिसमें सबसे कम उम्र की क्रिएटर रही सात साल की विनीता। अपनी अद्वितीय प्रतिभा के साथ उन्होंने सभी का मन मोह लिया। मीटअप के दौरान, विनीता ने 'श्री राम आए है..' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी प्रतिभा ने सभी को आकर्षित किया और ऑडिटोरियम तालियों के शोर से गूंज उठा। विनीता की प्रस्तुति देख कर जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव ने उनकी प्रशंसा की और विनीता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, विनीता की परफॉर्मेंस ने सबका मन मोह लिया है और उनकी उपस्थिति ने इस मीटअप को यादगार बना दिया है। वहां उपस्थित अन्य क्रिएटर्स भी ने उनकी प्रस्तुति की सराहना की।

विनीता ने यूट्यूब चैनल के माध्यम से अपनी पहचान बनाई है। उनकी प्रस्तुति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि जब बात अद्वितीयता और प्रतिभा की हो तो उम्र की कोई सीमा नहीं होती।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवीनीकृत राशन कार्ड वितरण कार्य का किया शुभारंभ




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने बिलासपुर में नवीनीकृत राशन कार्ड वितरण के जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया। आज वितरित नए राशन कार्ड से 1 मार्च से उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न मिलेगा। उप मुख्यमंत्री साव ने बिलासपुर शहर सहित तखतपुर एवं बिल्हा विकासखंड के 50 से अधिक महिला हितग्राहियों को नए राशन कार्ड वितरित कर शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में कहा कि आगामी 8 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत पहली किस्त की राशि महिलाओं के खातों में जमा की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जब से नई सरकार बनी है, तब से मोदी जी की गारण्टी के अनुरूप जनहित में बड़े-बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। नई सरकार के गठन के 13 दिन बाद हमने 25 दिसम्बर को किए गए वादे के अनुरूप 3716 करोड़ की राशि किसानों के खातों में डाली। इन योजनाओं से लोगों की आमदनी बढ़ी है और उनके जीवन स्तर में बदलाव परिलक्षित हो रहा है। बिलासपुर के कलेक्टर अवनीश शरण, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस दौरान मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिले में पांच लाख 38 हजार 311 राशन कार्ड हैं। इनमें से अब तक चार लाख 55 हजार कार्ड नवीनीकृत हो चुके हैं। वहां कुल राशन कार्ड के 85 प्रतिशत का नवीनीकरण किया जा चुका है। राज्य सरकार ने बचे हुए हितग्राहियों को मौका देते हुए आगामी 15 मार्च तक नवीनीकरण की तिथि बढ़ा दी है। नए राशन कार्ड के मुख पृष्ठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के फोटो हैं। कार्ड में वन नेशन वन राशन कार्ड, ईपॉश मशीन, लोक सेवा गारण्टी-2011, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, फोर्टिफाईड चावल, शिकायत एवं निवारण संबंधी जानकारी शामिल हैं।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव 'जनदर्शन' में लोगों से मिले, सुनी समस्याएं

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर में अपने निवास कार्यालय में आयोजित 'जनदर्शन' में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने 'जनदर्शन' में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता और बड़े इत्मीनान से सुना। उन्होंने लोगों के आवेदन पर समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा दिलाया। उप मुख्यमंत्री को आज करीब ढाई सौ लोगों ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक मांगों एवं समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। बिलासपुर के साथ-साथ अन्य जिलों के लोगों ने भी उन्हें विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 'जनदर्शन' में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। उनसे अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने घोषणानुरूप लंबित डीए बढ़ाने की मांग की। मुंगेली जिले के स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। श्रीमती रेखा ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा रेडी-टू-ईट का संचालन स्वसहायता समूहों की महिलाओं को दिए जाने का फैसला स्वागत योग्य है। इससे हम सभी समूह की महिलाओं में हर्ष व्याप्त है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### घर का दरवाजा तोड़कर 50 हजार रुपए की चोरी

**बिलासपुर।** फल ठेले वाला घर में सोता रहा और चोर उसके घर के दरवाजे का कब्जा निकालकर भीतर से करीब 50 हजार रुपए का माल ले गया। सुबह सोकर उठने पर चोरी का पता चला। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। मूलत: यूपी निवासी रमेश कुमार प्रजापति (15) अपने पिता के साथ चिंगराजपारा अमरैया चौक में मकान में किराए से रहता है। दोनों फल ठेला लगाकर गुजर बसर करते हैं। उसके पिता शनिवार की सुबह अपने पैतृक गांव चले गए। रमेश रात 9 बजे फल बेचकर घर आया और खाना खाकर अंदर से सांकल बंद कर सो गया।

सुबह 8 बजे सोकर उठा तो कमरे के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद थी। आवाज देने पर सोनू राम ने दरवाजा खोला। कमरे की जांच की तो भीतर से 2 मोबाइल, जेब व पर्स से 7-7 हजार रुपए सहित करीब 42 हजार रुपए का सामान नहीं था।

### युवती के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मरवाही।** जीपीएम जिले में पूर्व सरपंच के बेटे ने 20 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। मामला मरवाही थाना क्षेत्र का है। पीड़िता के मुताबिक जब वह नाबालिग थी, तब स्कूल आते-जाते समय बरौर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बाहर सिंह का बेटा दीपक करसाल (28) उसका रोज पीछा करता था। बाद में प्रेमजाल में फंसाकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद पीड़िता बालिग हुई और तंग आकर परिजनों को मामले की जानकारी दी। मरवाही थाने में पुलिस ने आरोपी दीपक करसाल के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया। मरवाही थाना प्रभारी कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया।

### प्रीमियम शराब में मिलाया पानी, तीन कर्मी बर्खास्त

**जांजगीर।** शराब में घोटाले के मामले में जांजगीर-चांपा जिला पहले से ही चर्चा में रहा है। अब प्रीमियम शराब में पानी मिलाकर बेचने का एक और मामला सामने आया है। शराब में पानी मिलाने की पुष्टि होने के बाद दुकान के तीन प्लेसमेंट कर्मचारियों को आबकारी अधिकारी द्वारा सेवा से बर्खास्त करते हुए तीनों के खिलाफआबकारी अधिनियम 38 क के तहत कार्रवाई की गई है। आबकारी विभाग द्वारा जांजगीर-नैला और चांपा शहर में ही प्रीमियम शराब दुकान का संचालन किया जाता है। प्रीमियम शराब दुकान में एक हजार रुपए से कम की कोई शराब नहीं मिलती है। जिला मुख्यालय में यह दुकान नैला रोड में संचालित है। आबकारी अधिकारियों द्वारा इन दिनों जिले में संचालित न केवल प्रीमियम बल्कि अन्य देसी और विदेशी शराब दुकानों में बेची जा रही शराबों की जांच की जा रही है।

# सूरजपुर में लापता छात्र की अपहरण के बाद हत्या, पिता से बदला लेने रची साजिश

## चार सप्ताह पहले हुआ था लापता, आरोपी ने हत्या के बाद बोरे में लाश को भरकर किया आग के हवाले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में बीते 29 जनवरी को अपने घर से लापता चौथी कक्षा के छात्र की उसके पड़ोसी ने ही अपहरण कर अपने एक दोस्त की मदद से हत्या कर दी थी। हत्या के बाद दरिंदों ने छात्र की लाश को बोरे में भरकर जंगल में जला दिया। पुलिस ने शक के आधार पर छात्र के पड़ोसी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, तो वह टूट गया और अपने एक दोस्त की मदद से हत्या कर शव जलाने की बात स्वीकार कर ली।

### लापता छात्र के पड़ोसी से पुलिस ने की पूछताछ

छात्र का कहीं पता नहीं चलने से जहां उसके परिजन किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत नजर आ रहे थे वहीं लोगों का आक्रोश भी बढ़ता जा रहा था। 3 दिन पूर्व पुलिस ने शक के आधार पर लापता छात्र के पड़ोसी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। कड़ाई से पूछताछ में वह टूट गया और छात्र की हत्या के बाद शव को जंगल में अपने दोस्त के साथ हत्या कर शव जलाने की बात स्वीकार कर ली। बताया जा रहा है कि पुलिस की विशेष टीम के एक पुलिसकर्मी ने मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मृत छात्र के पिता व आरोपी के बीच दुकान की बात को लेकर रंजिश थी और संभवत: इसी बात को लेकर उसने छात्र का अपहरण किया और हत्या कर दी।



रविवार को जैसे ही आसपास के लोगों को पता चली तो वे उग्र हो गए। आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए नगर में जमा हो गये और प्रदर्शन करने लगे। उग्र लोगों ने आरोपियों व उसके रिश्तेदार की कार, बाइक समेत पिकअप में तोडफोड़ कर पिकअप को आग के हवाले कर दिया। पुलिस की मौजूदगी के कारण वे आरोपी तक नहीं पहुंच सके। इस घटना को लेकर लोगों में इतना आक्रोश था कि वे आरोपी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**स्कूल से लौटने के बाद हुआ था लापता:**-गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के प्रतापपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 निवासी 11 वर्षीय रिशु कश्यप पिता अशोक कश्यप स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 4 में पढ़ता था। 29 जनवरी को स्कूल से वह घर लौटा और इसके बाद लापता हो गया। घरवालों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। फिर परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्र की खोजबीन शुरू की। छात्र के लापता होने के 10 दिन बाद भी उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो उसके परिजनों व नगरवासियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम भी दिया था। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस की दर्जनभर से ज्यादा टीमें छात्र की खोजबीन में लगाई गई।

## जमीन विवाद: बंटवारे को लेकर दो साढ़ू ने एक-दूसरे पर किया डंडे और पत्थर से हमला

रायगढ़। ससुराल के जमीन को लेकर दो साढ़ू के बीच विवाद होने पर एक साढ़ू ने दूसरे पर अपने पुत्र और पत्नी के साथ मिलकर डंडे व पत्थर से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वारदात में शामिल तीनो ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अंतर्गत ग्राम राजकोट में 24 फरवरी की शाम गांव के सालिकराम राठिया (45) की उसके रिश्तेदारों द्वारा जमीन विवाद पर मारपीट कर हत्या की सूचना चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को मिली। सूचना पर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी को ग्रामीण नत्थूलाल राठिया ने बताया कि मृतक सालिकराम राठिया के ससुर महेंद्र राम राठिया की गांव में 24 एकड़ जमीन है। उसके ससुर महेंद्र राम की मृत्यु 20 साल हो गई। ससुर महेंद्र राठिया की 24 एकड़ जमीन के बंटवारे को लेकर उनकी दो बेटी मालती राठिया और गुलापी बाई के बीच विवाद है। मालती का पति सालिक राम और गुलापी बाई का पति रामलाल आए



दिन जमीन बंटवारे को लेकर झगड़ा होते रहते हैं। ग्रामीण नत्थूलाल ने बताया कि रामलाल अपने हिस्से में ज्यादा जमीन रखा है और सालिकराम लगभग 7 एकड़ जमीन में खेती कर रहा है । 24 फरवरी के शाम बाजार चौक के पास रामलाल राठिया अपने पडोसी नंद किशोर राठिया खड़े हुए थे। उसी समय सालिकराम आकर रामलाल (57)को बराबर बटवारा चाहिए कहकर विवाद करने लगा। दोनों के बीच झगड़ा विवाद होता देख रामलाल की पत्नी गुलापी बाई(52) और उसका लड़का डबलूधर (25) व नंदकिशोर (33) पिता गणेश राठिया घर से टांगिया, डंडा लेकर आ गये जिसके बाद चारों ने हाथ मुक्के, टांगिया और एक बड़ा पत्थर से सालिकराम को मारपीट कर पत्थर से सिर पर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी।

## छग हाई कोर्ट के इतिहास में पहली बार याचिकाकर्ता के नाम को रखा गोपनीय



**बिलासपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब दुष्कर्म पीड़िता दो बच्चों की मां जिसने एक बेटी के पिता का डीएनए टेस्ट कराने की गुहार लगाई है। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के नाम को पूरी तरह गोपनीय रखा है। आर्डरशीट में याचिकाकर्ता के नाम की जगह अंग्रेजी के अक्षर एक्स वाई जेड का प्रयोग किया गया है। पीड़िता ने डाक्टर पर आरोप लगाया है कि जब वह 12-13 वर्ष की थी, तब पहली बार डाक्टर ने दुष्कर्म किया। वर्ष 2005 से जनवरी 2019 तक उसके साथ दुष्कर्म करते रहा। इससे उसका गर्भ ठहर गया और बेटी को जन्म दिया।

पीड़िता की गुहार को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए आरोपी डाक्टर, याचिकाकर्ता और उसकी 12 साल की बेटी का डीएनए टेस्ट कराने के निर्देश पुलिस को दिए हैं। फैसले की खास बात यह है कि हाई कोर्ट ने इस पूरे मामले में गंभीरता और संवेदनशीलता बरती है। याचिकाकर्ता दुष्कर्म पीड़िता की निजता का पूरा ध्यान भी रखा है। यह पहली बार हुआ है जब कोर्ट ने याचिकाकर्ता के नाम को सार्वजनिक नहीं किया है। याचिकाकर्ता ने पुलिस स्टेशन सुकमा में शिकायत दर्ज कराई है कि वह सुकमा की निवासी है और अपनी शादी से पहले वह अपनी मां के साथ सुकमा में रहती थी। उसकी शादी 18 साल की उम्र में 18 नवंबर 2010 को हुई। शादी के बाद वह अपने पति के पास मध्य प्रदेश चली गई। जब वह अपनी मां से मिलने सुकमा जाती थी तब डा उसकी इच्छा के विरुद्ध यौन संबंध बनाता था, जिसके कारण उसकी बड़ी बेटी का जन्म चार दिसंबर 2011 को हुआ था। याचिकाकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी डाक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया गया है। चिकित्सा परीक्षण के बाद अंतिम रिपोर्ट सात जुलाई 2022 को मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस द्वारा प्रस्तुत की गई है और सात सितंबर 2022 को आरोप तय किए गए।

## भारी वाहन की चपेट में आई बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**बलौदा।** बलौदा मुख्य मार्ग में मुड़ापार के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। गंभीर रूप से चोंट लगने पर युवक की स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन लेकर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि ग्राम मुड़ापार निवासी अज्जू पोर्ते 20 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्यू 8360 में सवार होकर हरदीबाजार तरफ से अपने घर मुड़ापार जा रहा था।




रात 10 बजे हरदीबाजार-बलौदा मुख्य मार्ग में मुड़ापार के पास कन्हैया कंवर के सामने किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, इससे वह हड़बड़ा गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और अज्जू की स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर हरदीबाजार पुलिस स्थल पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके साथ ही घटना के बाद फरार हुए अज्ञात वाहन की पतासाजी में जुट गई। पुलिस ने बताया कि अज्जू वाहन चालक है। यहां बताना होगा कि गेवरा-दीपका खदान से बड़ी संख्या में कोयला लोड़ लेकर इस मार्ग से भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही करते हैं। वहीं रात होने पर ट्रैलर चालक लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं, इससे इस मार्ग पर दुघर्टना होते रहती है। कुछ माह पूर्व इसी मार्ग में धतुरा बस स्टैंड के पास भी बाइक सवार एक व्यक्ति की रात को सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। घटना की जानकारी हरदीबाजार थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे को होने पर पुलिस टीम घटनास्थल रवाना की। हरदीबाजार थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण आदित्य ने बताया कि घटना का मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की पतासाजी की जा रही है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

## लग्जरी कार में गांजा तस्करी करते 4 गिरफ्तार: क्राइम ब्रांच के साथ जब्ती को लेकर चल रही थी सेटिंग, एसपी ने लगाई फटकार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर पुलिस ने लग्जरी कार में गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे दो हिस्ट्रीशीटर समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 4 लाख 50 हजार कीमती 45 किलो गांजा बरामद हुआ है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि तस्करों के पकड़ाने के बाद गांजा की मात्रा कम करने और कार की जगह स्कूटी की जब्ती बनाने के लिए आरोपियों और क्राइम ब्रांच की टीम के बीच सेटिंग चल रही थी। लेकिन, एसपी रजनेश सिंह को इसकी भनक लग गई।

उन्होंने क्राइम ब्रांच की टीम को कड़ी फटकार लगाई और गांजे के साथ कार को भी जब्त करने के निर्देश दिए। एसपी के तीखे तेवर देखकर टीम भी सहम गई और



उनका खेल बिगड़ गया।

ACCU के नोडल अफसर और चकरभाठा CSP कृष्ण कुमार पटेल ने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिली थी कि तस्कर सिविल लाइन क्षेत्र में गांजा खपाने की फिराक में है। टीम ने भारतीय नगर मुक्तिधाम के पास पहुंचकर घेराबंदी की।

इस दौरान कार में गोलू खटिक (28), अभिषेक खटिक (28) दोनों निवासी खटिक मोहल्ला टिकरापारा, सुंदर तेवर (29) निवासी पचरीघाट जूना बिलासपुर और डेविड डिसूजा निवासी धौराभाठा कोटा को पकड़ा गया। कार की तलाशी लेने पर तीन ब्रीफकेस और दो बोरियों में 45 किलो गांजा मिला। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने तीन दिन पहले ओडिशा के बलांगीर से गांजा लाकर छिपाकर रखा था। शनिवार की रात वो गांजा बेचने के लिए मुक्तिधाम के पास ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर बलांगीर के तस्करों की जानकारी जुटा रही है।

### आदतन बदमाश है अभिषेक

पुलिस के अनुसार आरोपी अभिषेक खटिक पहले भी गांजा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास और मारपीट का भी केस दर्ज है। वहीं, गोलू खटिक के खिलाफ कोतवाली थाने में मारपीट के मामले दर्ज है। पुलिस की टीम अभिषेक पर नजर रखे हुए थी।

### दोस्त को पिलाई शराब, फिर पत्थर से कुचला सिर

# उधार के डेढ़ लाख रुपए नहीं देने पर मार डाला, झाड़ियों में फेंकी थी लाश

**भिलाई।** भिलाई में उधार में दिए डेढ़ लाख रुपए नहीं लौटाने पर शाहरुख नाम के युवक की हत्या उसके ही दोस्त ने कर दी। पत्थर से सिर कुचलकर लाश आईजी बंगले के पास झाड़ियों में फेंकी गई थी। सीसीटीवी फुटेज और शाहरूख के मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर दुर्ग के जयंती नगर निवासी आकाश नंदनवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

आकाश ने बताया शाहरूख उसे उधार के पैसे नहीं दे रहा था और उसका कॉल भी रिसीव नहीं करता था। इसलिए उसने शाहरूख की हत्या की प्लानिंग कर ली थी। 23 फरवरी को किसी दूसरे के मोबाइल से उसे कॉल कर मुलाकात की। फिर बाइक से दोनों भिलाई के 32 बंगला के पास पहुंचे। यहां रेलवे ट्रैक के पास दोनों ने मिलकर शराब पी। इसी दौरान वहां रखे सीमेंट के स्लैब से शाहरूख का सिर कुचल दिया। शव की जांच की गई तो शाहरूख के पास से साइकिल स्टैंड की पर्ची मिली इससे पता चला कि वो इंदिरा मार्केट साइकिल स्टैंड में काम करता था। जब पुलिस ने उसके दोस्तों से पूछताछ की तो पता चला कि उन लोगों ने उसे आखिरी बार दुर्ग आईडीबीआई बैंक पोलसाय पारा के सामने देखा था। आसपास के खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज में शाहरूख एक शख्स के साथ बाइक पर जाता दिखाई दिया।

### दोस्तों ने बताया कि अनजान युवक खोज रहा था शाहरुख को

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज शाहरूख के दोस्तों और परिजनों को दिखाया तो उन लोगों ने आरोपी की पहचान आकाश नंदनवार निवासी जयंती नगर दुर्ग के रूप में की। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को वो बाइक से शाहरूख को खोज रहा था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी हत्या करना स्वीकार किया।



### 15 सालों से है दोनों के बीच गहरी दोस्ती

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी और शाहरूख की पिछले 10-15 सालों से गहरी दोस्ती थी। दोनों के बीच पैसों का लेन देन भी होता था। इसी दौरान शाहरूख दो बार बलात्कार और आर्म्स एक्ट के मामले में जेल गया था। इसलिए उसने जमानत और अन्य कार्य के लिए शाहरूख को डेढ़ लाख रुपए उधार दिए थे।

### एक दिन पहले मोबाइल बंद कर रायपुर में छोड़ा

आरोपी आकाश नंदनवार रायपुर हथकरघा विभाग में नौकरी करता है। वो इतना शातिर था कि हत्या से एक दिन पहले उसने रायपुर जाकर अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया और वहीं छोड़ दिया। इसके बाद 23 फरवरी को शाहरूख प्लानिंग के तहत ट्रेन से भिलाई आया था।

### मृतक की पहचान छिपाने चेहरे को पत्थर से कुचला

आरोपी ने मृतक शाहरूख की पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे को पत्थर से कुचल दिया था। साथ ही साथ उसका मोबाइल अपने साथ ले गया और फिर उसे स्विच ऑफ कर सिम को फेंका दिया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# सुपेला संडे मार्केट में निगम की कार्रवाई लगाया जुर्माना, वाहन भी किए जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला सण्डे मार्केट में निगम प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर रविवार को घड़ी चौक से गदा चौक तक सड़क के दोनों किनारो में सामान फैला कर तथा ठेला खोमचे में व्यवसाय करने वाले 8 दुकानदारों से राजस्व टीम ने 5 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया वहीं सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात को बाधित करने वाले वाहनों को यातायात पुलिस ने जब्त किया।

बता दें बीतें दिनों भिलाई नगर निगम प्रशासन ने घड़ी चौक से गदा चौक तक सड़क में विक्रय वस्तु फैलाकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों के खिलाफ वृहद अभियान चलाकर यातायात को सुगम बनाने तथा बाजार को सुव्यवस्थित करने विगत माह अनेक दुकानदार द्वारा अपने आवंटित क्षेत्र से बाहर किये अतिक्रमण पर बेदखली की कार्यवाही कर बांस बल्ली टीन टप्पर को जब्त किया था और निगम की टीम मार्केट क्षेत्र का भ्रमण कर बाजार मे व्यवस्थित व्यवसाय हो इस पर निगरानी रख कर मुनादी करवा रहा है। इसके बाद भी सडक पर फल ठेला खोमचे लगा कर यातायात को बधित करने की शिकायतें मिल रही थी।

**लोगों की शिकायत पर आयुक्त देवेश ध्रुव के निर्देश पर जोन द्वारा की कार्रवाई**



### सड़क पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई

लोगों की शिकायतों पर आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोन 1 को तत्काल कार्रवाई कर बाजार को व्यवस्थित करने के दिए निर्देश पर जोन आयुक्त खिरोद्र भोई अपने अधिकारी कर्मचारी की टीम तथा पुलिस प्रशासन के साथ 25 फरवरी रविवार को एक बार फिर घडी चौक से गदा चौक तक निरीक्षण कर सड़क पर फल ठेला लगाने वाले पांच व्यापारी तथा तीन किराना दुकानदार जो दुकान के बाहर सामान फैला कर सड़क पर अतिक्रमण कर रखे थे उसके विरुद्ध जुर्माना की कार्यवाही कर 5 हजार रूपया अर्थ दण्ड वसूल किया वहीं सड़क पर बेतरतीब खड़े 10 मोटर साइकिल को यातायात पुलिस ने जब्त किया और क्रेन से उठाकर थाना में जमा किये।

निगम की टीम पूरे मार्केट में घूम कर दुकान के बाहर मार्किंग स्थल से बाहर लगने वाले टेबल,कुर्सी, पुतले, दुकान बोर्ड आदि को जप्त भी किया है। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू उप अभियंता श्वेता महेश्वर सुनील नेमाड़े वार्ड प्रभारी यात राम चंद्राकर इमान सिंह कन्नौजे राजेश गुप्ता नंदकुमार सिन्हा, ओमप्रकाश चंद्राकर सुपेला थाना के तथा यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक रिकेश सेन ने दी थी चेतावनी

इससे पहले वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भी संडे मार्केट में सड़क पर दुकान लगाने वालों को चेतावनी दी थी। इसके बाद संडे मार्केट में बड़ी कार्रवाई हुई। कार्रवााई के बाद मार्केट व्यवस्थित हुआ। लेकिन एक बार फिर से मार्केट अव्यवस्थित दिखने लगा। आने जाने वाले लोगों को दिक्कतें होने लगी। सड़क पर पार्किंग के कारण वाहन चालकों को अत्याधिक परेशानियां हो रही थी।

## खास - खबर

### महिलाओं ने सीखा केश सज्जा, सौंदर्य, श्रृंगार, स्पर्धा में कैटवॉक भी करके दिखाया

**भिलाई।** शिव शक्ति समिति ने तालपुरी महिला समिति के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बी ब्लॉक के क्लब हाउस में रविवार को कार्यशाला आयोजित की। इसमें महिलाओं को सौंदर्य एवं श्रृंगार का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षिका और जज के तौर पर मौजूद मनीषा चौधरी ने महिलाओं को हेयरस्टाइल तथा स्टेप-बाई-स्टेप बेस, फाउंडेशन, कंसीलर आदि सिखाया। सौंदर्य प्रसाधनों की जानकारी भी दी। इस मौके पर सौंदर्य प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें 50 से ज्यादा महिलाओं ने पारंपरिक और वेस्टर्न परिधान में कैटवॉकिंग करते हुए अपना परिचय दिया। विजेताओं की घोषणा 3 मार्च को होगी। कार्यक्रम में महिला समिति अध्यक्ष अधिवक्ता रेखा सिंह, आशा जानी, किम्सी जैन उपस्थित रहीं।

### दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**दुर्ग।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज ने ग्राम कुथरेल में शिवाजी जयंती मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख ने की। विशेष अतिथि केंद्रीय युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, गुरुदेव बिरेन्द्र देशमुख, प्रदीप चंद्राकर, सरपंच राजश्री प्रेरणा चंद्राकर, उपसरपंच लोमस चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष दीना देशमुख, दीना चंद्राकर, महिला समिति अध्यक्ष संतोषी देशमुख थे। सामाजिक बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि समाज संगठित हो रहा है। सामाजिक पदाधिकारियों ने कुछ मांगें रखी है, जिसे पूरी की जाएगी। देवेंद्र देशमुख ने कहा कि समाज के बैठकों को दिन में करना चाहिए। जिससे महिला समिति को स्थान मिल सके। उमेशचंद्र देशमुख, गुमान देशमुख, चुम्मन दिल्लीवार, मनोज देशमुख उपाध्यक्ष, दुष्यंत देशमुख, प्रेमलाल देशमुख, कमलेश देशमुख, खोमेन्द्र आदि मौजूद थे।

### द्वादश ज्योतिर्लिंग भव्य झांकी निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 40 दिवसीय कार्यक्रम शिव पिता मेरे लिए है आया के अंतर्गत आज ब्रह्मा वत्स सेक्टर 5 स्थित भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक संगठित रूप में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया। तत्पश्चात सभी ब्रह्मा वत्सो ने सेक्टर 5 में सम्पूर्ण मौन में रहकर विश्व शांति के लिए प्रभात फेरी निकाली। अंतर्दिशा भवन परिसर में द्वादश ज्योतिर्लिंग की भव्य अलौकिक झांकी निमार्ण का श्रीफल फोड़कर भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने भूमिपूजन किया।

## निरंकारी मिशन के 300 सेवादारों ने मिलकर की शिवनाथ में सफाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के तहत रविवार को शिवनाथ नदी दुर्ग में सेवा कार्य किया। यहां ब्रांच दुर्ग-भिलाई के 300 महिला, पुरुषों ने श्रमदान कर नदी किनारे पर कचरे, गंदगी व प्लास्टिक को साफ कर आसपास के वातावरण को स्वच्छ किया। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के प्रेरणात्मक शिक्षाओ का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का सेवा कार्य शिवनाथ नदी दुर्ग में सम्पन्न हुआ।

ब्रांच संयोजक सतपाल सैनी ने बताया कि नदी तट पर पूजा के बाद विसर्जित फूल, पूजा का सामान, लकड़ी के फ्रेम आदि को साफ कर निरंकारी मिशन आने वाली पीढ़ी को यह संदेश देना चाहती कि नदी के जल को स्वच्छ रखें।

जल स्वच्छ होगा तो मन भी स्वच्छ होगा। इंचार्ज इंद्रजीत निरंकारी ने बताया कि मिशन द्वारा आयोजित अभियान में सेवादल का उत्साह बढ़ाने विधायक गजेंद्र यादव, मेयर धीरज बाकलीवाल भी पहुंचे। यह अभियान जामुल में शीतला तालाब में भी चलाया गया। विधायक गजेंद्र यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि सेवा का ऐसा उदाहरण कभी नही देखा। नदी के तट को पहली बार इस तरह साफ होते देख रहा हु।निरंकारी मिशन का ये सेवा कार्य सराहनीय है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने मिशन की इस सेवा को महान सेवा बताया।

ब्रांच प्रमुख पंचराम साहू ने बताया कि सेवादल को उत्साह देने पालिका अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर पहुंचे थे। अभियान में डॉ. एसएल वर्मा, उमाशंकर, संदीप निरंकारी, अशोक गोयल, राजेश गुप्ता, सुरेंदर कौर, सुनीता, सविता निरंकारी, दलजीत सिंह, विनीत अकेला, संजीत चक्रवर्ती व अनेक श्रद्धालुओं ने योगदान दिया। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

## मेगा जॉब फेयर में वैशाली नगर के 2700 युवाओं का चयन विधायक रिकेश सेन ने पहुंचकर किया उत्साहवर्धन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** जिला रोजगार केंद्र की पहल पर देश की अनेक निजी संस्थानों ने कोहका में जाब फेयर 2024 का आयोजन कर वैशाली नगर विधानसभा में 2700 युवाओं का जाब सिलेक्शन किया है। साक्षात्कार और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर उपस्थित युवाओं का चयन अलग-अलग कंपनियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने स्वयं पहुंच कर युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए चयनितों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया।

उन्होंने जाब फेयर में पहुंचे युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में लगभग 2700 नौकरियां चिन्हित की गईं हैं जिनमें योग्यता के आधार पर सबको रोजगार मिलेगा। जो लोग बच जाते हैं उनके लिए अगले महीने एक और रोजगार कैंप लगाया जाएगा। आईआईटी और टेक्नीकल स्टूडेंट्स लिए खासतौर पर यह रोजगार मेला आयोजित है, वैशाली नगर विधानसभा

क्षेत्र के बच्चों को रोजगार दिलाना बड़ा आवश्यक है, इसके लिए पुणे, हैदराबाद, बैंगलोर, रायपुर, गुजरात सहित अलग अलग जगह की कंपनियों से सम्पर्क कर इस जाब फेयर का आयोजन किया गया है। इसमें से एक कंपनी है जो आईफोन असेंबल करने का काम करती है, वहां पर बीस हजार रुपये की नौकरी है साथ ही चयनित युवा को रहने व भोजन सहित अन्य सुविधाएं होंगी। ऐसे ही अलग अलग फील्ड में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल के छात्र और सिविल के छात्र जो डिप्लोमा या आईटीआई किए हैं उनको भी रोजगार देने का काम हो रहा है। प्रयास होगा कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में हर महीने प्लेसमेंट कैंप आयोजित कर तीन से चार हजार लोगों नौकरी दिलाई जा सके। सरकारी नौकरी में ज्यादा अवसर नहीं हैं तो प्राइवेट सेक्टर में भी काम अच्छे होते हैं, इनसे भी रोज़गार के कई नए अवसर मिलते हैं।

एक मार्च से शुरू होंगी हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षाएं

## जेआरडी बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया गोपनीय सामग्री का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा 01 मार्च 2024 से प्रारंभ हो रही है। उक्त परीक्षा की सफल संचालन हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण 24 एवं 25 फरवरी 2024 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम जेआरडी बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में किया गया। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए मुख्य परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष व प्राचार्य उपस्थित थे।

जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार प्रथम दिवस 24 फरवरी 2024 शनिवार को शासकीय/अशासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रुट क्रमांक 1 थनौद, चन्दखुरी, अंजोरा ख, रसमड़ा, सेजस नगपुरा, बोरई, अण्डा, मतवारी तिरगा, बेलौदी, पुलगांव नया केन्द्र निकुम, रुट क्रमांक 2 में रिसाली, मरोदा टैंक, सेजस उतई, कन्या उतई, पुरई, उमरपोटी नया केन्द्र, डुन्डेरा, सेजस सेलूद, कन्या सेलूद, देवादा, कन्या तर्रा, मर्रा, मचान्दुर, पाउवारा, पंहडोर घुघवा, रुट क्रमांक 3 में जेवरा सिरसा, करंजा मिलाई, ननकट्ठी, मेड़ेसरा, खम्हरिया, खपरी, बोरी, नवागांव पुरदा लिटिया, टेमरी, हिरीं, चीचा, घोटवानी, रुट क्रमांक 4 में केसरा, सेजस पाटन, कन्या पाटन, तेलीगुंड़रा, सेमरी, भनसुली, तरीघाट, ओदरागहन, सेजस रानीतराई, बेल्हारी, सेजस जामगांव आर, बटरेल, कन्या रानीतराई, रुट क्रमांक 5 में कुगदा, सेजस कुम्हारी, पाहंदा, कपसदा, लिमतरा, जामगांव एम, झीट, अमलेश्वर, जमराव, सांकरा पाटन, रुट क्रमांक 6 में बालक धमघा, कन्या धमघा, पेन्ड्रावन, दारगाव, राजपुर, कन्हारपुरी, बरहापुर, घोंठा, देवरी, गोढ़ी, सेमरिया, सेजस अहिवारा, नंदनी खुंदनी, गिरहोला, माटरा कुल 79 केन्द्रों को प्रश्न पत्र वितरण किया गया।

इसी तरह द्वितीय दिवस रविवार 25 फरवरी 2024 को शासकीय अशासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रुट क्रमांक 7 में सेजस जे.आर.डी.उ.मा.शा. दुर्ग, आदर्श कन्या दुर्ग, तिलक कन्या दुर्ग, महात्मा गांधी, महावीर जैन, बोरसी सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह, दाउ रुरु प्रसाद दुर्ग, तकियापारा, धनोरा नया केन्द्र, रुट क्रमांक 8 में तुलाराम आर्य कन्या, खालसा पब्लिक दुर्ग, सनसाईन, एल. एन. किल्ला दुर्ग, डी.ए.वी. दुर्ग, तितुरडीह दुर्ग. सेजस दीपक नगर, रुट क्रमांक 9 इंदिरा गांधी रामनगर, कन्या वैशाली नगर, कोहका, कोसानगर, बालक सुपेला, कन्या सुपेला प्रयास श्रवण विकलांग संस्था सुपेला, मुक्तिधाम भिलाई, हाऊसिंग बोर्ड, जामुल, ढौर, कुरूद, सुरडुंग, नारधा, सरस्वती बिहार अंग्रेजी मा हाउसिंग बोर्ड, अहेरी, रुट क्रमांक 10 बी.एस.पी सेक्टर 02, सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 04, शा.उ.मा.शा. सेक्टर 09, शास. हाई स्कूल सेक्टर 07 मिलाई, विवेकानंद सेक्टर 02, रुआबांधा, महर्षि दया. सेक्टर 06, रुट क्रमांक 11 शासकीय केम्प 1 मिलाई, छावनी, शासकीय जोन 2 सेक्टर 11, खुर्सीपार निर्मला रानी खुर्सीपार, पं ज.ला.ने. न्यू. खुर्सीपार, बी.एस.पी. कन्या उ.मा.वि. खुर्सीपार, रुट क्रमांक 12 कन्या भिलाई 03, पुरैना, चरोदा, जरवाय, सोमनी, औंधी, ज्योति चरीदा, देवबलोदा, जंजगीरी, उरला बी.एम.वाय. कुल 56 स्कूलों को प्रश्न पत्र वितरण किया किया। इस वर्ष जिले में कुल 135 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

## वैशाली नगर विधानसभा में लगेगी जैन मुनि विद्यासागर की प्रतिमा

■ विधायक रिकेश सेन ने की समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा, स्थल चयन के बाद लगेगी प्रतिमा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** जैन धर्म के प्रमुख गुरु जैन मुनि विद्यासागरजी महाराज की वैशाली नगर विधानसभा में भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। विधायक रिकेश सेन ने यह घोषणा करते हुए बताया कि वैशाली नगर में जैन समाज से चर्चा कर प्रतिमा स्थल चयन कर जल्द ही मुनिश्री की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी ने अपने जीवनकाल के दौरान गौ सेवा, मातृभाषा हिंदी, बालिका शिक्षा, आयुर्वेद, हथकरघा जैसे कई विषय पर समाज का मार्गदर्शन करने का काम किया। आचार्यजी ने कई अनमोल प्रवचन भी दिए, उन्होंने हमें सिखाया कि इंडिया नहीं भारत बोलो, शाकाहार अपनाओ, गोवंश की हत्या को रोको, स्वदेशी को बढ़ावा दो, हिंदी को अनिवार्य करो, समाज के संपन्न लोग दो गरीब बच्चों को गोद लेकर उन्हें पढ़ाएं, पर्यावरण की सुरक्षा हर व्यक्ति दायित्व है, दूसरों की भलाई के लिए सुखों का त्याग ही सच्ची सेवा है।

मुनिश्री ने अहिंसा, जियो और जीने दो का संदेश देकर हम सभी के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव लाया है। उनकी प्रतिमा लगने से जहां युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने की सीख मिलेगी वहीं मुनिश्री हर समय हम सबके हृदय में विद्यमान रहेंगे। उन्हें हिंदी और संस्कृत सहित मराठी और कन्नड़ आदि भाषाओं का भी ज्ञान था। उन्होंने हिंदी और संस्कृत में कई पुस्तकें भी लिखी, जिसमें से मूक माटी महाकाव्य काफी लोकप्रिय हुआ। उनकी सिंह नाम की कविता को कई शैक्षणिक संस्थानों ने अपने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है। उन्होंने डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरि तीर्थ में आचार्य पद का त्याग करने के बाद 3 दिन का उपवास और मौन धारण कर लिया था। आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज ने 18 फरवरी को सल्लेखना विधि द्वारा समाधि ली।

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में मुनिश्री को आदर्श मानते हुए न सिर्फ जैन समाज बल्कि अन्य धर्मावलंबी भी जीवन में मानवता के लिए आवश्यक उनकी सीख को शिरोधार्य कर उन पर अमल करते हैं इसीलिए निगम क्षेत्र में मुनिश्री की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का आज मैंने निर्णय लिया है, इसके लिए जैन समाज के प्रतिनिधियों से विमर्श कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मुनिश्री की भव्य प्रतिमा के आस-पास क्षेत्र को भी व्यवस्थित रूप से सजाया संवारा जाएगा ताकि लोग मुनिश्री के संदेश को आत्मसात कर उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अपने जीवन में अपना सकें, उन पर अमल कर सकें।

# शब-ए-बराअतः दुआओं में उठे रहे हाथ, मांगी अपने गुनाहों की माफी

■ शब-ए-बराअत पर घरों, मस्जिदों और कब्रिस्तान में सुबह तक चलता रहा इबादत का सिलसिला

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** शब-ए-बराअत के मौके पर शहर का मुस्लिम समुदाय सुबह तक इबादत में डूबा रहा। मस्जिदों और कब्रिस्तान में रविवार की शाम से नमाजियों और इबादतगुजारों की चहल-पहल रही। कब्रिस्तान में लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों की कब्र पर जाकर दुआएं की। वहीं घरों में भी इबादत का सिलसिला चलता रहा।

कब्रिस्तान हैदरगंज कैंप-1 भिलाई में रविवार सुबह 10 बजे से कुरआन ख्वानी और फातिहा ख्वानी रखी गई। जिसमें शहर की कई मस्जिदों के इमाम, दारुल उलूम यतीम खाना के बच्चे और तमाम लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। यहां कब्रों पर फूल पेश किए गए और मरहूम लोगों के इसाले-सवाब के लिए दुआएं की गई। शाम के वक्त कब्रिस्तान हैदरगंज कैम्प-1 में लोगों का हुजूम उमड़ने लगा। यहां लोग अपने दिवंगत परिजनों की कब्र पर फूल चढ़ाने और दुआएं करने पहुंचे। लोग कब्रिस्तान पहुंच कर भावुक हो गए। अपने दिवंगत परिजनों की कब्र पर जाकर ज्यादातर लोगों की आंखें छलक उठी। इसी तरह शहर की तमाम मस्जिदों में शब-ए-बराअत को देखते हुए खास इबादत के इंतजाम किए गए । जामा मस्जिद सेक्टर-6 में 25 फरवरी की शाम नमाज-ए-मगरिब के बाद सूरए यासीन पढ़ी गई। मस्जिद हजरत बिलाल हुडको में मगरिब की नमाज़ हुई और बाद नमाज़ नफ्लि शबे बराअत की रात पर मुफ्ती जामी कमर साहब ने रोशनी डाली।

### सोशल मीडिया पर भी जारी रहा माफी मांगने का सिलसिला

शबे-बराअत के मौके पर एक तरफ जहां लोग अपनी इबादत में मसरूफ रहे। वहीं मौजूदा चलन के मुताबिक सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे से माफी मांगने का सिलसिला जारी रहा। व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टा जैसे सोशल मीडिया एप्प पर लोग मैसेज भेज तक शबे-बराअत की मुबारकबाद देने के साथ-साथ माफी की गुजारिश भी करते रहे।

### शहर व आसपास की मस्जिदों के इमाम भी रहे मौजूद

हैदरगंज मुस्लिम कब्रिस्तान इंतजामिया कमेटी की ओर से यह कॉन्फ्रेंस खालिस रूहानी और दीनी एतबार से रखी गई । जिसमें आसपास की तमाम मस्जिदों के इमाम भी मौजूद थे। इनमें अशरफी मस्जिद जोन-3 के जामीं कमर अजहरी, रजा जामा मस्जिद कैंप-2 से कलीम अशरफ कादरी, जोन-3 खुर्सीपार के शान मोहम्मद, कैलाश नगर भिलाई के जलालुद्दीन मिस्बाही, मस्जिद रिसाली के मोहम्मद सनाउल्लाह रिजवी, फरीद नगर भिलाई के शराफत रजा, फरीदीया मस्जिद फरीद नगर के अमीर अहमद सलीम उल कादरी, फलकनुमा मस्जिद अय्यप्पा नगर के अब्दुल सुबहान, जोन 1-2, छावनी व खुर्सीपार के कलीमुल्लाह रिजवी, अक्सा मस्जिद गफ्फार कॉलोनी छावनी के तौहीद आलम, शेरे खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड के ताजिम अहमद जामई, गौसिया मस्जिद कैंप-1 के गुलाम रसूल, हनफी मस्जिद कोहका के आरिफ खान रजवी, मक्का मस्जिद फरीदनगर के नूरानी अशरफी, रूआबांधा मस्जिद भिलाई के उमर फारूक, गरीब नवाज मस्जिद सुपेला के अब्दुल रहीम, इमाम हजरत बिलाल मस्जिद हुडको के बाबू हसन, हुसैनी मस्जिद जीई रोड सुपेला के मोहम्मद तारिक अनवर, शांति नगर अलफलाह मस्जिद के लईकुद्दीन मिस्बाही और आयशा मस्जिद गफ्फार कॉलोनी छावनी के अब्दुल जब्बार भी मौजूद रहेंगे। सभी ने मिल कर मुल्क में अमन व सलामती के लिए दुआएं की।

### नबी की सुन्नत है कब्रिस्तान जाना

जामा मस्जिद सेक्टर-6 में शाम के वक्त नवाफिल नमाज और सूरह यासीन पढ़ने के बाद इमाम खतीब मौलाना हाफिज इकबाल अंजुम हैदर ने शबे-बराअत का बयान किया। उन्होंने बताया कि हमारे नबी सल्लल्लाहु-अलैहि वसल्लम साल में एक मरतबा इस रोज अपने मरहूमों की कब्र पर फातिहा पढ़ने कब्रिस्तान (जन्नतुल बकी) जाते थे। उनके दिखाए रास्ते पर हम सब चल रहे हैं। इस मौके पर सभी ने मिल कर दुआ करते हुए अपने मरहूमों को याद किया।

### कब्रिस्तान में तकरीर, बताई शबे-बराअत की फजीलत

शबे बराअत के मौके पर हैदरगंज मुस्लिम कब्रिस्तान कैंप-1 में जश्ने इमाम ए आज़म अबू हनीफा कॉन्फ्रेंस और महफिल रात 10 बजे से रखी गई । जिसमें मेहमानी खुसूसी हजरत अल्लामा मुफ्ती शमसुद्दीन मकराना राजस्थान ने शबे-बराअत की फजीलत बयान की। उन्होंने इस रात की इबादत का खास तौर पर बयान किया। जामा मस्जिद सेक्टर-6 के साबिक इमाम सैयद अजमलुद्दीन हैदर की सरपरस्ती और जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम व खतीब इकबाल अंजुम हैदर अशरफी की जेरे सदारत हुई इस कॉन्फ्रेंस में शायरे इस्लाम डॉक्टर जहीरूद्दीन रहबर रायपुर, मौलाना गुलाम मोहिउद्दीन रजवी फरीदनगर और शायरे इस्लाम कारी वसीम अख्तर नागपुरी भी शामिल हुई। इस दौरान तकरीर के अलावा हम्द व नात शरीफका नजराना पेश किया गया। सलात व सलाम के बाद कॉन्फ्रेंस खत्म हुई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950